Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 179 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शनिवार 06 जनवरी 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

धर्म का अनुभव किये बिना व्यक्ति धर्मात्मा नहीं बन सकता है।

One can't become areligious person without experiencing religion.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

संक्षिप्त समाचार

नवाचार आयोग अध्यक्ष विवेक ढांढ ने दिया इस्तीफा

रायपुर (विसं)। छत्तीसगढ़ में बीजेपी की नई सरकार बनने के बाद से इस्तीफों का दौर जारी है, छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग के अध्यक्ष विवेक ढांड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पिछली कांग्रेस सरकार ने 3 फरवरी 2023 को आयोग का गठन करने के साथ बतौर अध्यक्ष ढांड की नियुक्ति की थी. जिसके बाद आज उन्होंने अपना इस्तीफा दिया है। जानकारी के अनुसार विवेक ढांड ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन को सौंपा है, उन्होंने इस्तीफे देने की वजह व्यक्तिगत कारण बताया है. इस्तीफा सौंपने के साथ ही तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का आग्रह किया है।

प्रदेश में कोरोना वायरस के 19 नए मरीज मिले

रायपुर (विसं)। छत्तीसगढ़ में कोरोना के 19 नए मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में फिर से हड़कंप मच गया है। प्रदेश में इस समय 100 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार संक्रमित मरीजों में सबसे ज्यादा रायपुर के हैं। यहां सबसे ज्यादा 13 मरीज हैं। रायगढ़ में दो, दुर्ग, कोरिया, राजनांदगांव व कोरिया में एक-एक केस मिला है। नए केस मिलने के बाद अब प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 128 हो गई है। इनमें रायगढ़ में सबसे ज्यादा 44 मरीजों का इलाज चल रहा है। रायपुर में 32 व दुर्ग में 22 एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, 4538 सैंपलों की जांच की गई।

शिक्षा मंत्रालय ने की प्रेरणा कार्यक्रम की शुरूआत

रायपुर (विसं)। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने 'प्रेरणाः अनुभव पर आधारित एक शिक्षा कार्यक्रम' की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य सभी प्रतिभागियों को एक सार्थक, अद्वितीय और प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करना है, जिससे उन्हें नेतृत्व के गुणों के साथ सशक्त बनाया जा सके। प्रेरणा भारतीय शिक्षा प्रणाली के सिद्धांतों और मूल्य-आधारित शिक्षा के दर्शन को जोड़ने की गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की आधारशिला है।

प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे जयपुर, एयरपोर्ट पर राज्यपाल मिश्र और मुख्यमंत्री भजन लाल ने की अगवानी

डीजी-आईजी कांफ्रेंस में होंगे शामिल

जयपुर (एजेंसी)। राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को जयपुर पहुंचने पर हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाव भरी अगवानी की। राज्यपाल मिश्र और शर्मा ने नरेंद्र मोदी का जयपुर में स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन और अमित शाह पूरे तीन दिन जयपुर में रहेंगे।

एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री का काफिला सीधा भाजपा मुख्यालय की तरफ बढ़ा और 6 बजे प्रधानमंत्री भाजपा मुख्यालय पहुंचे। मोदी और शाह की मौजूदगी में प्रदेश मुख्यालय में बैठक करेंगे। मोदी पांच और छह की रात जयपुर में ही रुकेंगे। सात जनवरी रविवार को सुबह अपना उद्बोधन करने के बाद जयपुर से विदा लेंगे। इन दो दिनों में प्रधानमंत्री के साथ ग्रह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए प्रमुख अजित डोभाल सहित कई प्रमुख हस्तियों का जयपुर रहने का कार्यक्रम हैं।

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित डीआईजी एवं आईजी कांफ्रेंस के अलावा भाजपा मुख्यालय भी जाएंगे। भाजपा मुख्यालय में भाजपा नेताओं के साथ प्रधानमंत्री के संवाद का कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री तीन घंटे तक भाजपा मुख्यालय में रहेंगे। मोदी भाजपा विधायकों, भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों और भाजपा के प्रदेश नेताओ से संवाद करेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने बताया कि कार्यकर्ताओं के जोश और उमंग की कोई सीमा नहीं है। देश के प्रधानमंत्री आम कार्यकर्ताओं के बीच होंगे, ये सभी के लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री होंगे, जोकि भाजपा कार्यालय आ रहे हैं। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी पहली बार भाजपा कार्यालय जाएंगे। उल्लेखनीय है कि 2014 में भाजपा की मोदी सरकार आने के बाद ही प्रदेश के हर जिले में भाजपा कार्यालय बनाए जाने की चर्चा शुरू हुई थी। प्रदेश कार्यालय का रूप रंग भी निखारा गया था।

संतों का आशीर्वाद पाकर अभिभूत हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री साय ने कहा- संतगणों का शुभागमन हमारा सौभाग्य

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज अखिल भारतीय संत समिति के उपाध्यक्ष आचार्य राकेश कुमार जी के नेतृत्व में पहुना में पधारे महामण्डलेश्वर सर्वेश्वर दास जी, महंत त्रिवेणी दास जी, महंत दिव्यकांत दास जी, महंत राधेश्याम दास जी, महंत श्याम सुंदर दास जी, महंत नंदाचार्य जी, महंत विवेक गिरी जी, महंत सीताराम दास जी, महंत राम रूप दास जी का आशीर्वाद पाकर खुशी से अभिभूत हो गए। मुख्यमंत्री ने संतगणों के दर्शन और उनसे प्राप्त आशीर्वाद को अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि यह पल मेरे लिए बेहद प्रसन्नता का पल है। पूजनीय संतगणों के शुभागमन से उनके दर्शन और आशीर्वाद का लाभ प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री साय आज जगदलपुर के दौरे पर, कार्यकर्ता सम्मेलन में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार 6 जनवरी को बस्तर मुख्यालय जगदलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री का पद संभालने के बद श्री साय पहली बार बस्तर के दौरे पर रवाना होने वाले हैं। इसके लिए जोरदार तैयारियां की जा रही है। जगदलपुर के भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा नेताओं ने बैठक की है। जिसमें मुख्य्मंत्री के बस्तर प्रवास और कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर चर्चा हुई है। पार्टी के नेताओं ने बताया कि यह सम्मेलन जगदलपुर में ही होगा। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में कांकेर, बस्तर, सुकमा, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंडागांव के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

इस सम्मेलन में जगदलपुर विधायक और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव, नारायणपुर विधायक और कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप समेत अन्य विधानसभा से भाजपा नेता शामिल होंगे। बस्तर संभाग की दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, केशकाल और अंतागढ़ इन आठ सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया है। जबकि, भानुप्रतापपुर, बस्तर, बीजापुर और कोंटा सीट पर कांग्रेस ने अपना वर्चस्व जारी रखा है।

4797 करोड़ रुपए की पृथ्वी योजना को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

अंतरिक्ष क्षेत्र में इसरो और एमआरआईसी में समझौता ज्ञापन को भी हरी झंडी

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की 4797 करोड़ रुपए की व्यापक योजना पृथ्वी विज्ञान (पृथ्वी) को शुक्रवार को मंजरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशा की प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। पृथ्वी विज्ञान योजना को 2021-26 की अवधि के लिए मंजूरी दी गई है। इस योजना में पांच उप-योजनाएँ , वायुमंडल और जलवायु अनुसंधान-मॉडलिंग अवलोकन प्रणाली और सेवाएँ, महासागर सेवाएँ, मॉडलिंग अनुप्रयोग, संसाधन और प्रौद्योगिकी , ध्रुवीय विज्ञान और क्रायोस्फीयर अनुसंधान, भूकंप विज्ञान तथा भूविज्ञान और अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण और आउटरीच शामिल हैं।

पृथ्वी योजना के प्रमुख उद्देश्यों में पृथ्वी प्रणाली और परिवर्तन के महत्वपूर्ण संकेतों को रिकॉर्ड करने के लिए वायुमंडल, महासागर, भूमंडल, क्रायोस्फीयर और ठोस पृथ्वी के दीर्घकालिक अवलोकनों का संवर्द्धन और रखरखाव। मौसम, महासागर और जलवायु खतरों को समझने और भविष्यवाणी करने और जलवायु परिवर्तन के विज्ञान को समझने के लिए मॉडलिंग सिस्टम का विकास। नई घटनाओं और संसाधनों की खोज की दिशा में पृथ्वी के ध्रुवीय और उच्च समुद्री क्षेत्रों की खोज। सामाजिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्री संसाधनों की खोज और टिकाऊ दोहन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास। पृथ्वी प्रणाली विज्ञान से प्राप्त ज्ञान और अंतर्दृष्टि का सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ के लिए सेवाओं में अनुवाद शामिल है। वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संयुक्त लघु उपग्रह के विकास के सहयोग पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और मॉरीशस अनुसंधान एवं नवाचार परिषद (एमआरआईसी) के बीच समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इसरो और एमआरआईसी के बीच एक नवंबर, 2023 को पोर्ट लुइस, मॉरीशस में हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन से अवगत कराया गया।

सीजी विधानसभा के बजट सत्र की अधिसूचना जारी, 5 फरवरी से 1 मार्च तक चलेगा सत्र, होगी 20 बैठकें

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र की अधिसूचना जारी कर दी गई है। बजट सत्र की शुरुआत 05 फरवरी को होगी जो 01 मार्च तक चलेगी। इस दौरान सदन की 20 बैठकें होगीं। सत्र के दौरान प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार अपना पहला पूर्ण बजट पेश करेगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट इस बार फरवरी के अंतिम सप्ताह या मार्च के पहले सप्ताह में पेश हो सकता है। वित्त विभाग इसकी तैयारी में जुट गया है। विभागों के बजट पर सचिव स्तर की चर्चा 8 और 9 जनवरी को होगी। इसके बाद मंत्री स्तर की चर्चा होगी। वित्त विभाग का प्रयास इस महीने के अंत तक बजट को फाइनल कर लेने का है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा छत्तीसगढ़ से होकर गुजरेगी, 5 दिनों में 7 जिलों और 5 लोकसभा सीटों को करेंगे कवर

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने की राहुल गांधी से मुलाकात

रायपुर (आरएनएस)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रोड मैप तय हो गया है। मणिपुर से महाराष्ट्र तक की यात्रा छत्तीसगढ़ से भी होकर गुजरेगी। इस दौरान राहुल गांधी 5 दिन प्रदेश में यात्रा करेंगे। इन 5 दिनों में वो 7 जिलों और 5 लोकसभा सीटों को कवर करेंगे। इसमें वे हसदेव भी जाएंगे।

यात्रा की शुरुआत 14 जनवरी को मणिपुर के इंफाल से हो रही है। राहुल इस बार कुल 67 दिन यात्रा करेंगे। इस दौरान 110 जिले, 100 लोकसभा और 337 विधानसभा सीटों को कवर करेंगे। इससे पहले उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की थी। राहुल गांधी की यात्रा ओडिशा से होते हुए रायगढ़ में प्रवेश करेगी। रायगढ़, सक्ती, जांजगीर-चांपा, कोरबा, अंबिकापुर, सूरजपुर और बलरामपुर ये वो 7 जिलें हैं जहां से यात्रा के गुजर सकती है। हालांकि अभी छत्तीसगढ़ के लिए फाइनल रोडमैप आना बाकी है। राहुल की यात्रा लोकसभा से ठीक पहले हो रही है। ऐसे में यात्रा का फोकस है कि ज्यादा से ज्यादा लोकसभा की सीटों को कवर किया जाए। छत्तीसगढ़ की रायगढ़, जांजगीर, कोरबा और सरगुजा लोकसभा सीटों से यह यात्रा गुजर सकती है। वहीं देश भर में 100 लोकसभा सीटों पर राहुल यात्रा करने वाले हैं।

छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की है। ट्वीटर पर तस्वीर पोस्ट करते हुए श्री सिंहदेव ने लिखा कि हमारी दृष्टि राष्ट्र की आकांक्षाओं के साथ प्रभावी ढंग से मेल खाती है। सहयोगात्मक रूप से, एक समावेशी और संपूर्ण परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से, हमारा लक्ष्य आम जनता और प्रमुख हितधारकों के विविध दृष्टिकोणों को शामिल करना है जिनकी अंतर्दृष्टि एक व्यापक और प्रतिनिधि घोषणापत्र को आकार देने में महत्वपूर्ण है।

भारत में कोविड के 761 नए मामले आए सामने, 12 की मौत

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि भारत में शुक्रवार को पिछले 24 घंटों में 761 नए कोविड-19 के मामले सामने आए हैं। वहीं, 12 लोगों की मौत हो गई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 24 घंटे की अवधि में एक दर्जन नई मौतें हुईं, जिनमें केरल में पांच, कर्नाटक में चार, महाराष्ट्र में दो और यूपी में एक मौत हुई। गुरुवार को दो मौतें हुईं, जिनमें से एक केरल और एक कर्नाटक से थी। इस बीच सक्रिय मामलों की कुल संख्या गुरुवार के 4,423 से गिरकर 4,334 हो गई। जनवरी 2020 में फैलने के बाद से अब तक भारत में कोरोना वायरस मामलों की कुल संख्या 4,50,16, 604 तक पहुंच गई है।

दो आईएएस अधिकारियों के पोस्टिंग आर्डर में हुआ बदलाव, प्रभार में किया गया संसोधन

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने संसोधित पत्र जारी किया है। जिसके अनुसार, विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 03.01.2024 द्वारा बसवराजू एस. भा.प्र.से. (2007), सचिव, गृह विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, वन विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। उक्तादेश में त्रुटिवश सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के स्थान पर सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग टंकित हो गया था। अत: सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग के स्थान पर सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग पढ़ने कहा गया है। शहला निगार भा.प्र.से. (2001), सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कृषि उत्पादन आयुक्त के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, सचिव कृषि (उद्यानिकी, मत्स्यपालन, दुग्धपालन, गोठान) विभाग, गन्ना आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उक्तादेश में त्रुटिवश पशुधन विकास के स्थान पर दुग्धपालन टंकित हो गया है।

एनटीपीसी 40वीं राष्ट्रीय सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ

छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों को हर संभव मदद मिलेंगी, प्रशिक्षण और सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा : बृजमोहन अग्रवाल

छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ ने पूरी दुनिया में अपना परचम लहराया है सरकार भी राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है : मंत्री

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में खेल और खिलाड़ियों के एक बार फिर से अच्छे दिन आने वाले हैं राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कवायद शुरू कर दी है। शुक्रवार को रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड पर एनटीपीसी 40वीं राष्ट्रीय सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इस आयोजन से छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान मिलेगी। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ ने पूरी दुनिया में अपना परचम लहराया है सरकार भी राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने राज्य में खेलों के विकास के लिए हर संभव मदद की बात कही। श्री अग्रवाल ने कहा कि, राज्य में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा जिससे वो खेलों में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन कर सके। उन्होंने आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ करा रही है। जिसमे भारतवर्ष से करीब 1000 खिलाड़ी भागीदारी कर रहे है। कार्यक्रम में तीरंदाजी संघ अध्यक्ष, श्री कैलाश मुरारका, श्री हनुमान प्रसाद, अध्यक्ष अग्रवाल सभा श्री विजय अग्रवाल, समाजसेवी भाई बसंत अग्रवाल भी उपस्थित रहे। इस आयोजन से खिलाड़ियों में भी उत्साह का माहौल देखा गया। बता दें कि, कांग्रेस के शासनकाल छत्तीसगढ़ में खेल और खिलाड़ियों की उपेक्षा की गई थी। जिससे खिलाड़ियों में भी काफी रोष था।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा तूर दाल उत्पादकों के लिए पोर्टल का लोकार्पण

किसानों की आत्म निर्भरता की दिशा में एक और कदम ● 2027 तक दलहन में भारत आत्मनिर्भर होने का लक्ष्य : अमित शाह

पोर्टल से उत्पादन को सही कीमत मिलेगी और उपभोक्ताओं को गुणवत्ता वाली फसल प्राप्त होगी : अर्जुन मुंडा

रायपुर (विश्व परिवार)। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाहजी ने भारतीय किसानों के लिए नेफेड और एनसीसीएफ के वेब पोर्टल का लोकार्पण किया, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य, उद्योग, कपडा, एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोगता मामले के राज्यमंत्री अश्विनी चौबे और सहकारिता राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा भी मौजूद रहे। इस संगोष्टी में विभिन्न प्रदेशों से आये लगभग 2,000 दलहन उत्पादक किसानों, उनसे जुडी सहकारी समितियों, संघों और केंद्र तथा राज्य सरकार के प्रतिभागियों ने भागीदारी करके तूर तथा दलहन के फसलों की पैदावार बढ़ाने और सहकारी समितियों के माध्यम से नेफेड और एनसीसीएफ द्वारा उनकी खरीदी तथा वेब पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी भुगतान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नेफेड और एन.सी.सी.एफ. की इस संयुक्त पहल को दलहन विशेषकर तूर दाल के क्षेत्र में-आत्म-निर्भर भारत अभियान की एक और महत्वपूर्ण कड़ी बताया जो न केवल महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, कर्नाटक, और झारखंड के तूर दाल का उत्पादन करने वाले किसानों के लिए खरीद और भुगतान की व्यवस्था को सीधे किसान से जोड़ेगा बल्कि सहकारिता आंदोलन की जड़ों को मजबूत करते हुए दालों के आयात में उल्लेखनीय कमी भी लायेगा।

सम्मलेन को सम्बोधित करते हुए माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडाजी ने कहा कि नेफेड और एनसीसीएफ द्वारा यह योजना दलहन में आत्मनिर्भरता और किसानों की आय दोगुना करने में मदद कर होगी और उपभोक्ताओं को बेहतर उत्पादन उपलब्ध कराने के उद्देश्य की भी पूर्ती करेगी। प्रधानमंत्री जी एवं गृहमंत्रीजी के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडाजी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में किसानों के लिए ठोस कदम उठाये जा रहे है और कृषकों को सतत बढ़ावा मिल रहा है। 2015 में दलहन में 16.32 मिलियन टन उत्पादन था और 2023 में 38 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है. साथ ही आयात भी 10त्न घटा है. पोर्टल से उत्पादन की सही कीमत मिलेगी और उपभोक्ताओं को गुणवत्ता वाली फसल प्राप्त होगी।

कार्यक्रम के माध्यम से मंत्री जी द्वारा नेफेड के 10 तथा एन.सी.सी.एफ. के 16 किसानों के, उनसे खरीदे गए, तूर दाल का भुगतान बटन दबाकर उनके बैंक खाते में स्थानांतरित भी किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह जी ने कहा हमने निश्चित कर दिया है जो किसान उत्पादन करने से पहले ही नेफेड और एन.सी.सी.एफ. से अपना रजिस्ट्रेशन कराएँगे उनसे मिनिमम सपोर्ट प्राइस पर दलहन को शत-प्रतिशत खरीद लिया जाएगा। भारत सरकार ने दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए यह निर्णय लिया है की सरकार किसानों से 80 प्रतिशत बफर स्टॉक खरीदेगी। इससे देश की आयात निर्भरता कम होगी और आम नागरिकों को कम दामों पर दालें उपलब्ध होंगी। इस नीतिगत निर्णय के अंतर्गत किसानों को सही दाम मिलेगा और उन्हें अपनी फसल बेचने में आसानी होगी। योजना के तहत, किसानों को एक टिकाऊ कृषि मॉडल के लिए एक मजबूत वित्तीय संरचना भी मिलेगी। इससे किसानों को समय पर और सही दाम पर अपनी फसल बेचने में मदद मिलेगी। इस संगोष्ठी में उपस्थित सभी किसानों में बेहद उत्साह दिखाई दिया। संगोष्ठी में किसानों के लिए टेक्निकल सत्र के माध्यम से उन्हें योजना के बारे में और पोर्टल के संचालन से सम्बंधित जानकारी भी दी गयी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन ने शक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 कार्यक्रम एवं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के संबंध में जानकारी दी। बैठक में उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा फोटोयक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के सम्बन्ध में पुनरीक्षण कार्यक्रमनिर्धारित किया गया है। एकीकृत मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन 06 जनवरी 2024 को किया जाएगा। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि 06 जनवरी 2024 से 22 जनवरी 2024 तक होगी। विशेष अभियान 13 जनवरी से 14 जनवरी तक तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 08 फरवरी 2024 तक निर्धारित किया गया है।

सरजू बांधा श्मशान घाट विकास समिति मिस इंडिया के हाथों सम्मानित हुई

रायपुर (विश्व परिवार)। बुजुर्गों की चौपाल समाजसेवी प्रतिष्ठित संस्था ने सरजू बांधा नया तालाब शमशान घाट विकास समिति टिकरापारा रायपुर को उसके उल्लेखनीय कार्य जैसे लावारिस लाशों का ससम्मान अंतिम संस्कार, मृतकों के कच्चे पक्के मठों की देखभाल, मृतकों की स्मृति में वृक्षारोपण, सरजू बांधा तालाब का संरक्षण, गरीब असहाय लोगों के लिए नि:शुल्क लकड़ी की व्यवस्था,आदि मानव कल्याण के कार्य हेतु वृंदावन हॉल, सिविल लाइन रायपुर में मिस इंडिया सोनिया स्वर्णकार के हाथों सम्मानित किया गया। सम्मान ग्रहण करने समिति अध्यक्ष माधव लाल यादव, कार्यालय सचिव गोर्वधन झंवर, धन्नूलाल देवांगन, आभा बघेल उपस्थित रहें। कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, उद्योग पति श्री राजेश अग्रवाल एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, साथ ही बुजुर्गों और युवाओं के सोच पर परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में माधव लाल यादव को स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया गया।

कैट ने पीएम मोदी से ई-कॉमर्स नीति और नियम लागू करने का किया आग्रह

रायपुर (विश्व परिवार)। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को भेजे एक पत्र में ई-कॉमर्स नीति और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत नियमों को शीघ्र लागू करने का अनुरोध किया है। कैट ने कुछ मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि यह पता चला है कि ई-कॉमर्स नीति और नियम दोनों प्रधानमंत्री श्री मोदी की अप्रूवल के लिये लंबित है और इसलिए देश भर के व्यापारी श्री मोदी के अप्रूवल किए जाने का इंतज़ार कर रहे हैं जो व्यापार और देश के व्यापक हित में आवश्यक है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी और प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था पर ई-कॉमर्स के परिवर्तनकारी प्रभाव को पहचानते हुए, हमारा मानना है कि एक व्यापक और अच्छी तरह से संरचित नीति जरूरी है जो निश्चित रूप से ई कॉमर्स की प्रमुख कंपनियों द्वारा बनाए गए असमान स्तर के खेल को खत्म कर देगी जिससे देश का आम व्यापारी भी ई-कॉमर्स का लाभ उठा सकेगा। श्री पारवानी और श्री दोशी ने कहा कि ई-कॉमर्स नीति के त्वरित कार्यान्वयन से न केवल बहुत जरूरी नियामक स्पष्टता मिलेगी बल्कि एक निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल को भी बढ़ावा मिलेगा। उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना, छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देना और ई-कॉमर्स पारिस्थितिकी तंत्र में सभी हितधारकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है जिसके लिये पालिसी एवं नियमों को अब लागू करना निहायत ही ज़रूरी हो गया है। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने आगे कहा कि जैसे-जैसे हमारा देश डिजिटल अर्थव्यवस्था को अपनाना जारी रखता है, एक मजबूत ई-कॉमर्स नीति आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और तकनीकी नवाचार में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

मनोज राजपूत ने शुरू की ऐतिहासिक रैली और पत्र अभियान

अयोध्या राम मंदिर के प्रति प्रेम व्यक्त करने का उद्देश्य

रायपुर (विश्व परिवार)। रामायण के साथ छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक संबंध छत्तीसगढ़ का गहरा ऐतिहासिक संबंध रामायण की कहानी के साथ है, जो भगवान राम और सीता के साथ एक मजबूत सांस्कृतिक संबंध को बढ़ावा देता है। एकता और उत्सव का आह्वान- राजपूत जी ने छत्तीसगढ़ निवासियों के बीच एकता की आवश्यकता को बताया, कहते हैं कि इतिहास के सबसे बड़े राम मंदिर के निर्माण के साथ, सभी को उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लेना आवश्यक है। पत्र अभियान के बारे में मनोज राजपूत ने पत्र अभियान के बारे में उत्साह से बात की, जिसका उद्देश्य आयोध्या को भेजने के लिए हृदय से प्रार्थनाएँ, शुभकामनाएँ और सकारात्मक विचार भेजना है। उद्देश्य यह है कि छत्तीसगढ़ के लोग ऐतिहासिक समय में सक्रिय रूप से योगदान करें। कृतज्ञता व्यक्त करना दुर्ग और भिलाई से प्राप्त प्रेम और आशीर्वाद को स्वीकारते हुए, मनोज राजपूत ने इस पहल को पूरे क्षेत्र (छत्तीसगढ़) जिसमे दुर्ग भिलाई विशेष के प्रति कृतज्ञता दिखाने का एक अवसर माना। मनोज राजपूत ने मीडिया को संबोधित करते हुए यह गर्व से घोषणा की कि वे 13 जनवरी को अपने प्रेम को पत्रों के माध्यम से आयोध्या राम मंदिर को भेजने का योजना बना रहे हैं। ग्रीन चौक (दुर्ग) से इस मुहीम के साथ एक छोटी सी मार्च होगी, जो सभी के धार्मिक समर्थन को प्रतिष्ठानित करेगी। बड़े धार्मिक उद्देश्य के लिए लोगों को साथ आने के लिए प्रेरित करते हुए, मनोज राजपूत ने दुर्ग और भिलाई के सभी निवासियों को भगवा ध्वज के साथ रैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। यह यात्रा के दौरान, रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, और कोरबा सहित कुछ प्रमुख जिलों में स्थानों पर स्टॉप होने की उम्मीद है। प्रत्येक स्थान पर, स्वयंसेवक मौजूदा प्रक्रिया को सुनिश्चित करेंगे, यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रत्येक संदेश निर्धारित पोस्ट बॉक्स में सुरक्षित रूप से संग्रहित होता है।

आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन आमंत्रित

दुर्ग (आरएनएस)। महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई.02 अंतर्गत नगर पालिका परिषद जामुल वार्ड ऋमांक 12 दुर्गा चौक के वार्ड ऋमांक 03 लेबर कैम्प ऋमांक 3, जामुल आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी सहायिका के लिए 19 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदिका द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई 02 (वसुंधरानगर भिलाई 03) में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा जमा कर सकेंगे। आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 8वी बोर्ड उत्तीर्ण होना चाहिए।

आवेदन के लिए अर्हताएं- आवेदिका की आयु 18-44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। 1 वर्ष या अधिक सेवा अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता, सहायिका, सह सहायिका, संगठिता को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। आवेदिका उसी ग्राम की स्थाई निवासी होना चाहिए जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है।

निवासी होने के प्रमाण में- वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज एवं नगरी क्षेत्र होने पर संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके ऋमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जाए, अथवा वार्ड पार्षद या पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड में निवासरत रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जाएगा।

भारतीय खाद्य निगम
FOOD CORPORATION OF INDIA
Regional Office : Vidhan Sabha Road, Kapa, Post - Pandri, Raipur (C.G.) 492005, Ph : 0771-2972740, Email : gmcg.fci@gov.in
No:-RO CG-31033.0/24/2023-Sales-RO CG Date : 05.01.2024
निविदा आमंत्रण सूचना
Food Corporation of India invites bids from Processor/Flour Millers/ Manufacturers/end user of **wheat** for sale of Wheat under OMSS (D) lying at its various Depots under FCI Chhattisgarh Region through e-auction. The Processor/Flour Millers/Manufacturers/end user of wheat for sale of Wheat may participate in the e-auction conducted by MJUNCTION on behalf of FCI on the website www.valuejunction.in/fci as per the following schedule:-
Schedule of Tender

Date of floating tender	Start Date for Submission of EMD	End Date for Submission of EMD	Online Bidding Start at	Online Bidding Ends at
05.01.2024	05.01.2024	08.01.2024 (Till 06:00 PM)	10.01.2024 (11:00 AM)	10.01.2024 (02:00 PM)

The Depot-wise offered quantity of wheat, as well as MTF for sale of wheat is available on www.fci.gov.in and www.valuejunction.in/fci detailed instructions to bidders and terms & conditions governing the e-auction may also be seen at www.valuejunction.in/fci. The empanelment of interested bidders is an ongoing and continuous process and those bidders who are interested to get themselves empaneled may contact help desk provided by MJUNCTION on Toll Free No. 0788-2221071, 07886540003 and 9009777860. **Further, Nodal Officer of FCI Chhattisgarh Region is Miss Nupur Anand, AGM (Sales) Phone No. 7995930023 & Nodal Officer of mjunction is Mr. Lokendra Kumbhakar, Phone No. 9424582539.**
General Manager (Region)

राज्यपाल हरिचंदन की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर (विश्व परिवार)। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन की अध्यक्षता में आज राजभवन में सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधन समिति की 15वीं बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं, व उनके आश्रितों के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई एवं भूतपूर्व सैनिकों के हितों में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ''सशस्त्र सेना झंडा'' दिवस पर संग्रह बढ़ाने के लिए सभी तरीकों पर ध्यान देना चाहिए ताकि पूर्व सैनिकों और महिलाओं के कल्याण के लिए और अधिक योजनाएं शुरू की जा सके। उन्होंने राज्य के दूरदराज के इलाकों में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ की सैनिक कल्याण टीम द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि समर्पण के साथ देश की सेवा करने वाले हमारे बहादुर पूर्व सैनिकों की अच्छी तरह से देखभाल की जाए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि बैठक में लिये गये निर्णयों से भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाएं एवं उनके परिजन लाभान्वित होंगे। राज्यपाल ने कहा कि भारत माता की सेवा में अपना जीवन गुजारने वाले वीर सपुतों का कल्याण करना सबका दायित्व और कर्त्तव्य है। बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के हित में कई एजेन्डा बिदुओं पर निर्णय लिये गये। अनाथ बच्चों के निर्धारित आयु सीमा में बढ़ोतरी तथा सैनिक स्कूल में अध्यनरत बच्चों को दी जा रही आर्थिक अनुदान राशि में वृद्धि कर 30 हजार रूपये प्रतिवर्ष किया गया साथ ही 'पुत्री विवाह सगुन' का नियोजन किया गया।

Khadi India
राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी
खादी बाजार-स्थानीय उत्पाद अमृत महोत्सव
दिनांक : 05-01-2024 से 14-01-2024 तक
स्थल : छत्तीसगढ़ हाट, महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट के पास, पण्डरी, रायपुर (छ.ग.)
समय : प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक
प्रदर्शनी का आकर्षण
- छत्तीसगढ़ एवं अन्य प्रदेशों की खादी संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित शुध्द कोसा की साड़ियां, सिल्क साड़ी, शर्टिंग, ड्रेस मटेरियल, रेडिमेड शर्ट, कुर्ता पायजामा, जैकेट, बैडशीट, दरी, लुंगी, गम्छे इत्यादि।
- पीएमईजीपी/ग्रामोद्योग के अंतर्गत ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित आचार, पापड़, बड़ी, अगरबत्ती, शैम्पु, साबून, आर्टिफिशियल फ्लावर, जूता, आयुर्वेदिक जड़ी बूटी, हर्बल उत्पाद, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, फर्नीचर, डेकोरेटिव सामग्री, मिट्टी से उत्पादित वस्तुएं इत्यादि।
प्रदर्शनी में पधारकर ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित शुद्ध खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योग की वस्तुओं को खरीदकर कारीगरों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वदेशी उत्पाद को प्रोत्साहित करें।
आयोजक
राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
प्रथम तल गांधी भवन, केयूर भुषण स्मृति परिसर, कंकाली पारा, रायपुर (छ.ग.)- 492001
फोन : 0771-2886428 E-mail: - soraipur.kvic@gov.in, Website: www.kvic.org.in

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com
आम-सूचना
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत, **शंकर नगर सरहद फेस-II, रायपुर** में स्थित **एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक- 202, ब्लॉक-01, द्वितीय तल, श्री राधेलाल चन्द्राकर पिता स्व. श्री ओंकार लाल चन्द्राकर** के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 29.09.2016 को लीजडीड पंजीकृत करने उपरांत फ्लैट का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है। मूल आबंटी **श्री राधेलाल चन्द्राकर पिता स्व. श्री ओंकार लाल चन्द्राकर** कि मृत्यु दिनांक 03.12.2023 को हो जाने के कारण उनकी पुत्री व नामिनी **श्रीमती दिप्ती चन्द्राकर पति श्री दीपक चन्द्राकर, निवासी- एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक- 202, ब्लॉक-01, द्वितीय तल, चिल्फी हाईट्स, शंकर नगर सरहद फेस-II**, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य वारिसान जैसे मृतक की पत्नी व छोटी पुत्री का सहमति पत्र द्वारा उक्त फ्लैट का नामांतरण आवेदिका **श्रीमती दिप्ती चन्द्राकर पति श्री दीपक चन्द्राकर** के पक्ष में किये जाने हेतु अपना सहमति प्रस्तुत किया गया है।
अत: उक्त फ्लैट के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com
पत्र क्र./8114/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 8114
वार्ड का नाम- 45 -स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E00785** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. MEENA DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DAMODAR LAL KRISHNANI** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **नितिन गंगवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **महेश कुमार गंगवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com
पत्र क्र./8115/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 8115
वार्ड का नाम- 45 -स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E0785A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KARTAR KRISHNANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. GULAB RAI KRISHNANI** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **रूपेश गंगवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व.खिल्लूमल गंगवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com
पत्र क्र./8116/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 8116
वार्ड का नाम- 45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E0785B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOPAL KRISHNANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. GULAB RAI KRISHNANI** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **रवि गंगवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व.खिल्लूमल गंगवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./7820/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 05-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 7820
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L0489C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VASUDEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **1. MANOJ KUMAR SAIN 2. SMT ASHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **FATEHCHAND SAIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
नेतराम चंद्राकर
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-1
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./7908/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 05-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 7908
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L0489D** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VASUDEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **SHAYONI BAGCHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANJAY BAGCHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
नेतराम चंद्राकर
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-1
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./7761/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 05-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 7761
वार्ड का नाम- 18- बाल गंगाधर तिलक वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110A00249** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DEVRAO SHIR SAGAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NATHU JEE SHIR SAGAR** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **SHAILESH KSHIRSAGAR 2. SUBHANGI, SUBHASH KHEDHKAR 3. SANGITA SUNIL MOTIKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE DEVRAO KSHIRSAGAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
नेतराम चंद्राकर
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-1
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./8098/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 05-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 8098
वार्ड का नाम- 18- बाल गंगाधर तिलक वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110B00253** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUNIL KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KAMAL KUMAR** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **सुब्रत दास गुप्ता** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व.सुनील दास गुप्ता** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
नेतराम चंद्राकर
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-1
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./8145/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 05-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 8145
वार्ड का नाम- 17-ठक्कर बापा वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107B00089** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MALTI PAWAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **UTTAM PAWAR** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **KUNAL KAUSHAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JITENDRA PRASAD KAUSHAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
नेतराम चंद्राकर
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-1
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./7945/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 01-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 7945
वार्ड का नाम- 17-ठक्कर बापा वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107A00392** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **FARHAT SULTANA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE RAFEET SETHI** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **M.BABY RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **M.NAGESHWAR RAO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
नेतराम चंद्राकर
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-1
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./7961/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 01-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 7961
वार्ड का नाम- 17-ठक्कर बापा वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR109C00652** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRAKASH JHA PRADEEP JHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHANDRASEKHAR** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **PRAKASH JHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHANDRASEKHAR JHA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
नेतराम चंद्राकर
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-1
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
पत्र क्रं./8158/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 05-01-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 8158
वार्ड का नाम- 60 -चंद्रशेखर आजाद वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652H00223** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MS AYUSH CONS. BY PARTNER DILESHWAR SONWANI S/O KAMAL PRASAD SONWANI, LAXMI SONWANI, NAWAL SONWANI, BHARTI SONWANI POWER OF OTR. DILESHWAR SONWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KAMAL PRASAD SONWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती PARVATI VERMA पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O ISHWARI PRASAD VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर, शनिवार 06 जनवरी 2024

कलेक्टर सौरभ कुमार ने हरी झंडी दिखाकर पीएम जनमन योजना के प्रचार रथ को किया रवाना

रथ के द्वारा अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर पीव्हीटीजी को करें लाभांवित- कलेक्टर

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से जिले में पीएम जनमन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने रथ के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को जागरूक करने एवं उन्हें योजनाओ से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री विश्वदीप, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग श्री श्रीकांत कसेर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी

उपस्थित थे । कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने प्रचार रथ के माध्यम से किए जाने वाले प्रचार प्रसार के संबंध में जानकारी लेते हुए पीएम जनमन योजना के ब्रोसर, पुस्तिका, पाम्पलेट का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रचार रथ को दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया। जिससे हितग्राही विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर लाभन्वित हो सके। सहायक आयुक्त श्री कसेर ने बताया कि यह प्रचार रथ जिले के दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों, वनांचलों में निवासरत सभी पीव्हीटीजी बसाहटों में जाकर जनजाति लोगों के मध्य पीएम जनमन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर उन्हें जागरूक करने का कार्य करेगा। गौरतलब है कि जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत पीव्हीटीजी बसाहटो में आवास, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका आदि की शत प्रतिशत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क ईलाज, स्वच्छ पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों, गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं को लाभ, आजीविका के साधन, वन अधिकार पट्टा, राशन जैसी सुविधाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

जिले में कोरोना संक्रमित दो मरीजों की हुई पहचान

सूरजपुर(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में कोरोना एक बार फिर से अपना पांव पसारने गा है। राजधानी रायपुर के अलावा आसपास के जिलों के साथ अब सूरजपुर जिले में भी कोरोना संक्रमण के दो मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग सकते में आ गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दोनों संक्रमितों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। इसको लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आरएस सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल द्वारा 100 सैंपल की जांच रोजाना की जा रही है उसी के तहत जो सर्दी, खांसी और बुखार वाले मरीज आते हैं उन लोगों के रैपिड डेंटिजन किट से जांच कराया गया था। अब इसमें प्रतापपुर के एक ही परिवार के दो व्यक्तियों में कोविड पॉजिटिव की पुष्टि हुई है। इन दोनों व्यक्तियों को हमने होम आइसोलेशन में रखा है। फ्लिहाल उनकी स्थिति अभी ठीक है। वहीं लोगों से अपील की जा रही है कि सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क पहनना एवं हाथों को बार-बार धोए और संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखें जिससे यह संक्रमण फैल न सके।

खेत में मिला बुजुर्ग का शव जांच में जुटी पुलिस

बलौदाबाजार(विश्व परिवार)। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सुढ़ेला के एक खेत में बुजुर्ग का शव मिला है. मौत का कारण अज्ञात है. मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. वहीं आसपास के गांव में बुजुर्ग के परिजनों का पता लगाया जा रहा है. जांच अधिकारी एएसआई एमएन बंजारे ने बताया कि बुजुर्ग की उम्र करीब 70 साल लग रही है. ऑरेंज कलर की टीशर्ट और बरमुडा पहना हुआ है. मृतक के एक हाथ में जैतखाम की तस्वीर और रेस कुमार एतवारा बाई लिखा है. वहीं दूसरे हाथ में चिन्ताबाई लिखा हुआ है. एएसआई ने बताया कि मृतक के पास से एक फटा हुआ कंबल मिला है. मृतक के परिजनों की तलाश की जा रही है. मौत का कारण अज्ञात है. शव को पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. फ्लिहाल शव मरच्युरी में रखा गया है. पुलिस मर्ग कायम कर आसपास के गांव में मुनादी कराकर परिजनों की तलाश में जुटी है.

साईं बाबा की पालकी यात्रा 13 जनवरी को, तांडव नृत्य और आरती का रहेगा आकर्षण

कोरबा(विश्व परिवार)। श्री साईं बाबा सेवा समिति, गांधी चैक के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य पालकी यात्रा एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। समिति के संस्थापक सचिव केशरसिंह राजपूत ने बताया कि 13 जनवरी को दोपहर 3 बजे श्वेता नर्सिंग होम पावर हाऊस रोड के सामने शिव मंदिर से पालकी यात्रा प्रारंभ होगी जो मुख्य मार्ग होते हुए पुराना बस स्टैण्ड, सप्तदेव मंदिर पहुंचकर वहां से वापस इतवारी बाजार, रानी गेट, पुरानी बस्ती होकर गांधी चैक पहुंचकर संपन्न होगी। पालकी यात्रा में विविध आरती आकर्षण का केन्द्र रहेगी। पुराना बस स्टैण्ड गौरीशंकर मंदिर के सामने श्री शिव तांडव नृत्य एवं भव्य महादेव आरती, श्री सप्तदेव मंदिर के सामने श्री नारायण की आरती एवं दुर्गा मंदिर रानी गेट में मां अम्बे की आरती प्रमुख आकर्षण होंगे। परंपरागत नर्तक दलों के साथ डीजे और बाबा की जीवंत झांकी में महिलाएं और पुरुष ध्वज लेकर चलेंगे। दूसरे दिन 14 जनवरी को दोपहर 1 बजे से गांधी चैक में विशाल साईं भंडारा प्रारंभ होगा। शाम 7.30 बजे गांधी चैक में विराजमान साईं बाबा की 1100 बातियों से आरती की जाएगी एवं छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में श्री साईं बाबा सेवा समिति, गांधी चैक के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण, सेवाभावी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

कलेक्टर संजय अग्रवाल को दी गई भावभीनी विदाई

सूरजपुर(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल को आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के सरल व मिलनसार स्वभाव और उच्च प्रशासनिक क्षमता के संबंध में उपस्थित जनों द्वारा अपनी अपनी प्रतिक्रिया दी गयी। अपने विदाई के अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी अधिकारी व कर्मचारियों तथा जिले के निवासियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित प्रशासनिक अमले को टीम वर्क के साथ सेवा भाव से लोकहित में कार्य करने के लिए प्रेरणादायक शब्द कहे। शासन के नवीनतम स्थानांतरण आदेश के तहत कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल का स्थानांतरण जिला राजनांदगांव में हुआ है।

पुलिस अधीक्षक ने पाली थाना में लगाया चैपाल

कोरबा(विश्व परिवार)। पुलिस थाना परिसर पाली में आज बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने चैपाल लगाया। यहां जनप्रतिनिधि, जनता और फरियादियों से मुलाकात कर समस्याओं को जाना और मौके पर ही उनका निराकरण किया। प्राप्त आवेदनों पर मातहत कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश और मार्गदर्शन दिए। एसपी श्री शुक्ला ने कहा कि किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए, बल्कि जनता के बीच जाकर मौके पर मामलों का निपटारा करें। मौका निरीक्षण, मुआयना करे, सम्बन्धित का बयान,साक्ष्य, ग्रामीणों का कथन आदि जांच परीक्षण के बाद न्यायोचित कार्रवाई करें। उन्होंने थाने में बैठकर जांच करने को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि थाना सुरक्षित स्थान है, यहां बैठकर चैकीदारी करने की जरूरत नहीं है, बल्कि फील्ड में काम करने की जरूरत है। अपराध मुक्त समाज बनाने की दिशा में कार्य होना चाहिए। मामलो में किसी

प्रकार का बेवजह विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी बीट प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से दौरा करें और ग्रामीणों से सतत संपर्क बनाये रखें। पुलिस का कार्य केवल पुलिसिंग नहीं बल्कि सोशल पुलिसिंग भी है। इस मौके पर एसडीओपी पंकज ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश चंद्रा,भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह ठाकुर,थाना प्रभारी चमन सिन्हा,एएसआई विमलेश उरांव, अनिल मरावी सहित समस्त स्टाफक्षेत्र के ग्रामीण सहित जनप्रतिनिधि, पत्रकार गण उपस्थित थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा मे कृषक हितैषी योजना मे प्रशिक्षण एवं खडी फसलों में ड्रोन के द्वारा नैनो यूरिया छिड़काव प्रदर्शन

सूरजपुर(विश्व परिवार)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो मे शिविर का सफल आयोजन किया जा रहा है, कृषि क्षेत्र मे नई तकनीकी के माध्यम से खेती के पद्धति मे बदलाव लाने के उद्देश्य से कृषि उत्पादन तकनीकियों को कृषकों को प्रशिक्षण सह प्रदर्शन किया जा रहा है। कृषक श्रीमती सुखमेन आत्मज मोहरन राम ग्राम वीरपुर विकास खण्ड सूरजपुर के खेत मे आलू फसल में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव का प्रदर्शन किया गया, जिससे कृषको में भारी उत्साह एवं आकर्षण रहा है। ड्रोन के माध्यम से कम समय मे अधिक क्षेत्र मे खाद, दवा का छिडकाव समान रूप से होता है। किसानों को ग्रामीण क्षेत्रों मे ड्रोन पद्धति को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे किसान उत्साहित हो रहें। शासन द्वारा संचालित आधुनिक कृषि क्षेत्र के साथ-साथ अन्य कृषक हितैषी योजनाओं अंतर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, तथा स्वायल हेल्थ कार्ड योजना अंतर्गत कृषकों का मृदा परीक्षण करवाकर भूमि सुधार की जानकारी देते हुए कृषक श्री सहदेव आत्मज सुखलाल राजवाडे, श्री कवलसाय आत्मज परमेश्वर राजवाडे कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण भी किया गया साथ ही पारम्परिक खेती आधुनिक तकनीक यांत्रिकीकरण के साथ-साथ जैविक खेती फसल उत्पादन को बढ़ावा देने कृषकों को प्रशिक्षित किया गया।

सीएमएचओ ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य शिविर का किया निरीक्षण

अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस.एन.केशरी द्वारा कोरबा विकासखंड के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण कर आमजनो को पहुँचाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दीपक राज तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ अशरफ अंसारी उपस्थित थे। डॉ केशरी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) मदनपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इसी प्रकार उन्होंने सरडीह, बगरीडाँड़ में पीव्हीटीजी वर्ग के स्वास्थ्य जांच हेतु संचालित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविर एवं सोलवा पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा की स्वास्थ्य शिविर का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजना का जायजा लेते हुए शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल, एनीमिया टेस्ट, लक्षण युक्त मरीजों की टीवी स्क्रीनिंग तथा 30 वर्ष के ऊपर के सभी व्यक्तियों का बीपी, शुगर जांच करने हेतु स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देशित किया। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा। जिससे अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला जारी

महासमुंद(विश्व परिवार)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव आज महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम लाफ्निखुर्द, लाफ्निकला, भलेसर व कनेकरा, बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम लमकेनी, बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत जगत, सरायपाली में कनकेवा, पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम अरण्ड पहुंची। यहां शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी और लाभ दिया गया। ग्राम कनेकेरा में महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा, ग्राम पंचायत जगत में बसना विधायक श्री सम्पत अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं ग्राम लमकेनी में पूर्व सांसद श्री चंदू लाल साहू, जनपद अध्यक्ष बागबाहरा श्रीमती स्मिता हितेश चंद्राकर, अलका चंद्राकर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण बतौर मुख्य अतिथि

शामिल हुए। शिविर में अतिथियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्राम वासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही हितग्राहियों से चर्चा कर शासन से मिल रहे सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अतिथियों ने स्टॉल का अवलोकन करते हुए बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। अपने उद्बोधन में शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। शिविर में मोदी सरकार की गारंटी वाली प्रचार रथ से भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन, फ्लेक्स और पोस्टर के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाई जा रही है।

अवैध विज्ञापन होर्डिंग पर निगम करेगा कड़ी कार्यवाही

निगम द्वारा अधिकृत विज्ञापन होर्डिंग एजेंसी के माध्यम से ही लगाये जा सकेंगे विज्ञापन

कोरबा(विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत बांस बल्ली लगाकर अवैध रूप से विज्ञापन होर्डिंग्स लगाने पर निगम द्वारा नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने सर्वसंबंधितों से अपील की है कि उनके द्वारा अवैध रूप से लगाये गये विज्ञापन होर्डिंग्स सहित अन्य विविध प्रचार सामग्रियों को दो दिवस के अंदर हटा लेवें, अन्यथा उन पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड के आरोपण सहित पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही की जाएगी। यहाँ उल्लेखनीय है कि

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत शासकीय भूमि पर विज्ञापन होर्डिंग लगाने के संबंध में विधिवत निविदा आदि की कार्यवाही पूर्ण कर निविदा में उच्चतम दर प्रस्तुत करने वाले मेमर्स जैन एडव्हर टाईजर्स टी.पी.नगर कोरबा को निगम के टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल नगर, दर्री, सर्वमंगला नगर व बांकीमोंगरा क्षेत्र हेतु 05 वर्षीय अधिकार प्रदान किया गया है। किन्तु देखा जा रहा है कि कतिपय लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से निगम क्षेत्रांतर्गत सार्वजनिक स्थल, रोड के किनारे टेंट हाउस वालों द्वारा बांस बल्ली खड़ा कर, विद्युत पोलो पर, सार्वजनिक स्थानों पर, असुरक्षित ढंग से विज्ञापन बोर्ड होर्डिंग, वाल पेंटिंग, बैनर पोस्टर इत्यादि के माध्यम से अवैध रूप से विज्ञापन सामग्री लगाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है, जो कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन हैं तथा अवैध रूप से विज्ञापन को बढ़ावा देने एवं होर्डिंग का अवैध प्रदर्शन किये जाने का कृत्य अधिनियम की धारा 248 के निबंधनों के अंतर्गत अपराध है तथा धारा 434 के निबंधन में दण्डनीय है। इस दिशा में निगम द्वारा ठोस कार्यवाही करते हुए अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने आमनागरिकों, टेंट व्यवसायियों, संस्थान, प्रतिष्ठान, विभिन्न आयोजनकर्ताओं सहित अन्य सर्वसंबंधितों से अपील करते हुए कहा है कि उनके द्वारा प्रचार प्रसार हेतु लगाये गये बांस बल्ली होर्डिंग, वाल पेंटिंग, बैनर पोस्टर आदि विज्ञापन सामग्रियों को दो दिवस के अंदर हटा लें, अन्यथा इस प्रकार का कृत्य करते हुए पाये जाने पर अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरूद्ध अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप अर्थदण्ड सहित पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराये जाने की कार्यवाही की जाएगी।

संपादकीय

उम्मीदों के आसमां पर मोहन सरकार

नए साल 2024 के पहले दिन सियासत, समाजसेवा और परीक्षा व प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी जांबाजों के लिए शुभकामनाएं। जिन्हें मंजिल मिल गई है उन्हें ढेरों बधाइयां। मगर ध्यान रहे कामयाबी की बारिश और असफलताओं की बाढ़ के साथ ही जीवन की परेड भी जारी है। इसमें जो मंजिल पर पहुंच गए हैं वे घमंड ना करें और जो पीछे रह गए हैं वह गम ना करें। सबको पता है जब परेड होती है तो उसमें अबाउट टर्न याने पीछे मुड़ की कमांड भी दी जाती है। इसलिए जो पीछे हैं वे निराश न हों ‍ पता नही जिंदगी कब 'पीछे मुड़' की कमांड दे दे और आप अंतिम से प्रथम हो जाओ। हाल ही दिसम्बर में पांच प्रदेशों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों ने तो यही साबित किया है। मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों के चयन और विभाग वितरण की परेड में पीछे मुड़ की जो कमांड मिली उसने कई पीछे वालों को आगे खड़ा कर दिया है। राजस्थान में पहली बार के विधायक से सीएम बने भजन लाल शर्मा, मप्र में उच्च शिक्षा मंत्री से मुख्यमंत्री का ताज पहनने वाले डॉ मोहन यादव इसकी जीती जागती मिसाल हैं। यहीं से शुरू होती नए नेतृत्व की उम्मीदों के आसमां पर ऊंची उड़ान।मध्य प्रदेश सहित भाजपा शासित तीन राज्यों में राजस्थान और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और उनकी कैबिनेट के लिए गुड गवर्नेंस और करप्शन पर जीरो टॉलरेंस सबसे बड़ी चुनौती है। मुख्यमंत्री की मंजिल पाने वाले नेताओं डॉ मोहन यादव, भजन लाल शर्मा और छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय के लिए चाल चरित्र और चेहरे की चुनौती से दो-चार होना पड़ेगा। सरकार की साख के साथ करप्शन पर ज़ीरो टालरेंस का कठिन काम करना पड़ेगा। पीएम नरेंद्र मोदी के इस नारे न खाऊंगा और न खाने दूंगा को अमली जामा पहनाना होगा। खल्क खुदा का मुल्क बादशाह का हुकुम कोतवाल के अंदाज़ में नए साल में करप्शन को खत्म करने का आगाज़ करने राज्य के जिले खरगौन आ रहे है केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह। दरअसल खरगौन में शाह साइबर तहसील योजना का शुभारंभ करने आ रहे हैं। जिसमें आमजन खासतौर पर किसानों को नामांतरण के मुद्दे पर बड़ी राहत मिल सकती है।

प्लास्टिक से होने वाला नुकसान रोकना होगा

रमेश धवाला

सरकार को पाठ्यक्रम बनाते हुए भावी पीढ़ी को जागरूक करने के लिए आवश्यक रूप से पर्यावरण संरक्षण की जानकारी देनी चाहिए विज्ञान ने मनुष्य को कई चीजें प्रदान की हैं, जैसे कि चिकित्सा, सूचना क्रांति, अंतरिक्ष विज्ञान, यातायात आदि। प्लास्टिक का आविष्कार भी मनुष्य की सुविधा के लिए बेकलैंड ने 1907 में किया। 20वीं सदी में प्लास्टिक के आविष्कार को एक क्रांति की तरह देखा गया, क्योंकि प्लास्टिक ने मनुष्य के जीवन को कई तरह से प्रभावित किया। प्लास्टिक एक ग्रीक शब्द प्लास्टीकोस से बना है, जिसका सीधा तात्पर्य है ऐसा नमनीय पदार्थ जो किसी आकार में ढाला जा सके। 1970 के दशक में इसका उपयोग औद्योगिक तथा घरेलू क्षेत्र में अप्रत्याशित रूप से बढ़ा। वर्तमान समय में प्लास्टिक पैकेजिंग से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि उपकरणों और हमारे दैनिक उपयोग की वस्तु बन गया है। प्लास्टिक मानव की दिनचर्या में इस प्रकार शामिल हो चुका है कि उसकी सुबह की शुरुआत ही प्लास्टिक के बने टूथब्रश से होती है। आदमी जिस बाल्टी में नहाता है, कपड़े धोता है, वह भी प्लास्टिक की बनी होती है। जब वह ऑफिस के लिए अपने खाने का डिब्बा लेकर निकलता है तो वह भी प्लास्टिक का बना होता है, पानी भी प्लास्टिक की बोतल में पीता है। कहने का अभिप्राय बस इतना है कि प्लास्टिक मानव जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। लेकिन प्लास्टिक मानव जीवन को जितनी सुविधा प्रदान करता है, उतनी ही बीमारियां भी फैलाता है। अगर हम गौर से देखें तो पाएंगे कि आधुनिक युग में प्लास्टिक मानव शत्रु के रूप में उभर कर सामने आया है और यह हमारे पर्यावरण और मानव सभ्यता के लिए दिन-प्रतिदिन खतरा बनता जा रहा है। प्लास्टिक ने समुद्र से लेकर दरिया तक, पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक हर जगह अपना विशाल साम्राज्य स्थापित कर लिया है। इस हिसाब से देखें तो हम पाएंगे कि प्लास्टिक ने मानवता का भला कम, नुकसान ज्यादा किया है। एक अनुमान के अनुसार

सरकार को पाठ्यक्रम बनाते हुए भावी पीढ़ी को जागरूक करने के लिए आवश्यक रूप से पर्यावरण संरक्षण की जानकारी देनी चाहिए विज्ञान ने मनुष्य को कई चीजें प्रदान की हैं, जैसे कि चिकित्सा, सूचना क्रांति, अंतरिक्ष विज्ञान, यातायात आदि। प्लास्टिक का आविष्कार भी मनुष्य की सुविधा के लिए बेकलैंड ने 1907 में किया। 20वीं सदी में प्लास्टिक के आविष्कार को एक क्रांति की तरह देखा गया, क्योंकि प्लास्टिक ने मनुष्य के जीवन को कई तरह से प्रभावित किया। प्लास्टिक एक ग्रीक शब्द प्लास्टीकोस से बना है, जिसका सीधा तात्पर्य है ऐसा नमनीय पदार्थ जो किसी आकार में ढाला जा सके। 1970 के दशक में इसका उपयोग औद्योगिक तथा घरेलू क्षेत्र में अप्रत्याशित रूप से बढ़ा। वर्तमान समय में प्लास्टिक पैकेजिंग से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि उपकरणों और हमारे दैनिक उपयोग की वस्तु बन गया है।

भारत सालाना 9.3 मिलियन टन प्लास्टिक का उत्पादन करता है। पिछले पांच वर्षों में भारत में प्लास्टिक का उत्पादन चार गुना ज्यादा हो गया है। भारत में प्लास्टिक के कुल उत्पादन का 40 प्रतिशत हिस्सा लैंड फील्ड्स में डंप किया जाता है, जोकि नदियों को दूषित करता है। सडक़ों की नालियों में पानी को अवरुद्ध करता है जोकि बाद में डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया का कारण भी बनता है। अगर हम बात करें हिमाचल की तो पहाड़ों में जो जलाशय, बावडिय़ों का जल गंगाजल के समान शुद्ध माना जाता था, अब प्लास्टिक के कारण मनुष्य को कई गम्भीर बीमारियों जैसे कैंसर आदि का कारण बन रहा है। प्लास्टिक ने केवल मानवजाति को ही खतरे में नहीं डाला है अपितु ये हमारे आसपास के जानवरों के लिए भी खतरा बन चुका है। भारत में मुंबई, केरल और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के आसपास के महासागर दुनिया के सबसे प्रदूषित महासागरों में से हैं। सर्वे के अनुसार प्लास्टिक कचरा दुनिया भर में कम से कम 267 प्रजातियों को प्रभावित करता है जिसमें 86 फीसदी समुद्री कछुए की प्रजातियां, 44 फीसदी समुद्री पक्षी प्रजातियां और 43 प्रतिशत समुद्री स्तनपायी प्रजातियां शामिल हैं। प्लास्टिक किस तरह से जानवरों के लिए एक अभिशाप बन रहा है, इसका एक ताजा उदाहरण मेरे क्षेत्र ज्वालामुखी विधानसभा के लुथान में मिला जहां गौशाला में लोगों द्वारा छोड़ी गई सैकड़ों गायों की मौत हो चुकी है। इस बात की पुष्टि हुई है कि इन गायों ने प्लास्टिक खायी हुई थी। अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन वर्ल्ड वाइड फंड द्वारा हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार पूरे विश्व में प्लास्टिक का प्रदूषण 2030 तक दोगुना हो जाएगा। साइंटिस्ट्स के अनुसार समुद्र में 1950 से लेकर 2016 तक जितना प्लास्टिक जमा हुआ है, उतना प्लास्टिक केवल अगले एक दशक में जमा हो जाएगा और महासागरों में प्लास्टिक कचरा 30 करोड़ टन तक पहुंच जाएगा। ज्ञात रहे कि हर साल उत्पादित होने वाले कुल प्लास्टिक का महज 20 प्रतिशत ही रिसाइकिल हो पाता है। 39 प्रतिशत के करीब जमीन में दब जाता है जो कि जमीन को कई तरह से बंजर बनाने का काम करता है। 15 प्रतिशत के करीब प्लास्टिक जला दिया जाता है। प्लास्टिक के जलने से वायुमंडल में कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा तिगुनी हो जाएगी, जोकि ओजोन परत के लिए तो नुक्सानदायक होगी ही, साथ ही मानव में हार्ट फेलियर, दमा और कैंसर जैसे रोगों का कारण भी बनेगी। अगर हम बात करें हिमाचल प्रदेश की तो सरकार ने प्लास्टिक पर कई स्तर पर पाबंदी लगा दी है, परंतु फिर भी अभी लोग इसका प्रयोग धड़ल्ले से कर रहे हैं। लोग खाने-पीने जैसी चीजों को ले जाने के लिए पालिथीन से बने लिफाफों का अंधाधुंध इस्तेमाल करते हैं। बहुत बार यह भी देखने को आता है कि लोग धाम इत्यादि में खाना प्लास्टिक लिफाफे में ले जाते हैं, जो बहुत घातक है क्योंकि यदि प्लास्टिक के बैग में खाद्य पदार्थ रखा जाता है, तो वे जल्द ही खराब हो जाते हैं, साथ ही कैंसर जैसी बीमारियों को निमंत्रण देता है। हिमाचल में हर साल लाखों सैलानी घूमने आते हैं जो कि कई बार पर्यावरण का ध्यान न रखते हुए चिप्स, कुरकुरे, प्लास्टिक की बोतलें इधर-उधर फेंक देते हैं। जरूरत है कि सरकार विभिन संचार माध्यमों से सैलानियों को ईको-टूरिज्म के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास करे। एक जिम्मेदार हिमाचली होने के नाते हमें भी जितना हो सके, अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करना चाहिए। डिस्पोजेबल ग्लास और प्लेट्स के स्थान पर टोर के पत्ते, जो कि हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, हमीरपुर, मंडी, बिलासपुर में पाए जाते हैं, उनसे बने पतलों का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना चाहिए।

विचार

सड़क हादसों के लिए कठोर कानून तो चाहिए ही, लेकिन यह भी समझे सरकार

हाईवे जाम करके आपूर्ति रोकना अचानक फ्लैश मॉब की तरह नहीं हुआ। अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने दिसंबर के अंत में भारत की नई दंड संहिता बीएनएस में हिट-एंड-रन एक्सिडेंट्स के लिए अधिकतम 10 साल की जेल और 7 लाख के जुर्माने की समीक्षा का अनुरोध किया था। दूसरी तरफ, उसने ट्रक चालकों से भी धैर्य रखने की अपील की थी। लेकिन ट्रक ड्राइवरों ने इस अपील को बिल्कुल भाव नहीं दिया और हड़ताल शुरू कर दी। मंगलवार को सरकार के साथ बातचीत के बाद हड़ताल वापस ले ली गई। केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि नए कानून लागू होने से पहले हितधारकों के साथ परामर्श किया जाएगा। प्रमुख निकाय और ट्रक चालकों को डर था कि हिट-एंड-रन मामलों में विशेष रूप से हाईवे प पुलिस शायद ही कभी जांच करती है, बस ट्रक चालकों को ही दोषी मानती है। ऐसे मामलों की जांच कैसे की जाए, इस पर कोई मानक प्रक्रिया (एसओपी) नहीं है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक अगर मौके पर रुके तो आग-बबूला हुए स्थानीय लोग उसके साथ क्या करेंगे, इसका कुछ अंदाजा नहीं रहता है। इस खौफ से ट्रक ड्राइवर एक्सिडेंट को रिपोर्ट करवाने के लिए मौके पर रुकने की बजाय किसी तरह जान बचाकर निकलने को प्राथमिकता देते हैं। इस पर सरकार ने कहा कि कानून में कहीं नहीं लिखा है कि दुर्घटना की सूचना साइट से ही देनी चाहिए। एसोसिएशन का मानना है कि एक तो ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर में ड्राइवरों की 27त्न कमी है, ऊपर से 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान लोगों के इस सेक्टर से जुड़ने से रोकेगा। बहरहाल, ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल से देश के सप्लाई चेन की जीवन रेखा बाधित हो गई। उम्मीद है आज से पेट्रोल-डीजल समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति फिर से शुरू हो जाएगी। लेकिन क्या कानून को दोष देना चाहिए ट्रक चालकों की दलीलों में दम तो है, लेकिन कानून को दोष देना उनकी परेशानियों का समाधान नहीं है। एक सख्त कानून की जरूरत है। सड़क दुर्घटनाओं में भारत दुनिया में सबसे आगे है। वर्ष 2022 में हिट एंड रन मामलों में लगभग 59 हजार लोग मारे गए, जो सड़क हादसों में कुल मौतों का लगभग 30त्न है। महाराष्ट्र में 2022 में हर घंटे एक व्यक्ति की हाइवे एक्सिटेंड में मृत्यु हुई, जो 2021 की तुलना में 14त्न अधिक है। इसमें कोई शक नहीं कि लापरवाही से गाड़ी चलाने वाले ड्राइवरों की देश में कोई कमी नहीं है, जिनको नियम-कानूनों की कोई परवाह नहीं होती है। असली समस्या के समाधान की जरूरत ट्रक चालकों को झूठे मुकदमे का डर है। पूरे देश में पुलिसिंग क्वॉलिटी वास्तव में खराब हो गई है। इसके अलावा, कई गंभीर कारक दुर्घटना का कारण बनते हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 2020 में टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए एक साक्षात्कार में इसी सटीक पहचान की। उन्होंने कहा, दुर्घटनाओं और सड़क हादसों के मुख्य कारण खराब रोड इंजीनियरिंग, गलत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर), चौक-चौराहों की गलत डिजाइनिंग, संकेतों और रोड चिह्नों का अभाव आदि हैं। यही तो असल मुद्दा है। इसलिए, केवल कठोर दंड से ही सड़कों को सुरक्षित बनाने का मकसद सही नहीं है। सड़कों और राजमार्गों को ठीक कर दिया जाए तो कानून को नरम करने की ट्रक चालकों की मांग का बहुत कम महत्व रह जाता है। तब सरकार भी ड्राइवरों पर दबाव बना सकती है।

जल्द निकले हल, ड्राइवरों की हड़ताल

नए साल के पहले दिन से ही शुरू हुई ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल ने गंभीर स्थिति उत्पन्न कर दी है। देश के कई शहरों में पेट्रोल पंपों के सामने गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारें दिख रही हैं। लोग इस आशंका में भी अपनी-अपनी गाड़ियों की टंकी फुल करा रहे हैं कि पता नहीं आगे पेट्रोल मिले या न मिले। यात्रियों को परेशानियां हो रही हैं सो अलग। सबसे बड़ी बात ट्रकों का चलना लगभग रुक गया है। इस हड़ताल के साथ खास बात यह है कि इसमें आम ड्राइवर आगे हैं और ट्रांसपोर्टर्स असोसिएशन पीछे। मंगलवार यानी हड़ताल के दूसरे दिन तक यह स्थिति थी कि असोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी कह रहे थे, हमने अभी तक हड़ताल का कोई आह्वान नहीं किया है। हड़ताल के पीछे मुख्यत आम ड्राइवरों में फैली डर की भावना मानी जा रही है। दरअसल, संसद में पिछले महीने पारित न्याय संहिता में हिट एंड रन मामलों में किए गए कड़े प्रावधान से यह स्थिति पैदा हुई है। इसके मुताबिक लापरवाही से गाड़ी चलाकर गंभीर सड़क दुर्घटना का कारण बने ड्राइवर अगर पुलिस या प्रशासन को सूचित किए बगैर मौके से फरार हो जाते हैं ।

आई.एन.डी.आई.ए का प्रधानमंत्री चेहरा कौन

अजय दीक्षित

पिछले डेढ़ साल से बिहार के सुशासन बाबू नितीश कुमार ने मोदी जी को मात देने के लिए विपक्ष को एकजुट करने की शुरुआत की थी । बाद में मुख्यत: कांग्रेस की पहल पर आई.एन.डी.आई.ए. बना जो देश की एकता को लेकर प्रयत्नशील है । इसकी तीसरी बैठक विगत दिन दिल्ली में हुई । वहां ममता बनर्जी ने कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रस्तावित किया जिसका आम आदमी पार्टी के अरविन्द केजरीवाल ने समर्थन किया कहते हैं। इस प्रस्ताव के पक्ष में मात्र आठ पार्टियां हैं । शेष पार्टियों का कहना है कि बिना विचार विमर्श किये किसी नाम की घोषणा नहीं की जानी चाहिए । यह भी कहते हैं कि मल्लिकार्जुन के नाम की घोषणा के बाद नितीश कुमार लालू यादव के साथ उठ कर चले गये । उन्होंने फोटो सेशन में भी भाग नहीं लिया और मीटिंग के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस से भी गायब रहे । लालू यादव की बात समझ में आती है । नितीश कुमार जब विहार से बाहर जायेंगे तभी उनका पुत्र तेजस्वी यादव बिहार का मुख्य मंत्री बन सकता है । %लैण्ड फॉर जॉब% में वह आरोपी हैं । देर सबेर उसमें सजा होकर रहेगी । लालू यादव हैल्थ ग्राउण्ड पर जेल से बाहर हैं पर सक्रिय राजनीति में भाग ले रहे हैं । यूं महाराष्ट्र में अजीत गुट के वरिष्ठ जो पहले के मंत्रिमंडल में भी थे, अब हैल्थ ग्राउण्ड पर सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर होकर भी विधानसभा में बैठते हैं --पर सत्ता पक्ष की ओर से। तो बी.जे.पी. को अब लालू यादव पर सवाल उठाने का नैतिक आधार नहीं है। यूं मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वयं कहा है कि लोक-सभा के चुनाव के बाद 2024 में हमारी जितनी सीटें आती हैं, उसके बाद ही प्रधानमंत्री का नाम तय हो सकता है । यूं ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल, अखिलेश यादव, नितीश कुमार तथा अन्य दलों के नेताओं की भी ख्वाहिश प्रधानमंत्री बनने की है । असल में ये नेता अपने-अपने प्रदेश की स्थानीय पार्टी से सम्बन्धित हैं । इनका जनाधार अपने प्रदेश के बाहर नहीं है । अरविन्द केजरीवाल कह सकते हैं कि उनकी पार्टी दिल्ली और पंजाब दो राज्यों में है । परन्तु दिल्ली में तो कठपुतली सरकार है । यूं भी आम आदमी पार्टी शराब घोटाले में आरोपी है । मनीष सिसोदिया, संजय सिंह जेल में हैं । स्वयं अरविन्द केजरीवाल को ईडी का समन जा चुका है । ममता बनर्जी मात्र पश्चिमी बंगाल तक सीमित है । अखिलेश यादव का कोई असर यू.पी. के बाहर नहीं है। ममता बनर्जी ने खड़गे का नाम लेकर गुगली खेली है । खड़गे अब 81 वर्ष के हो गये हैं । कर्नाटक से सम्बन्धित हैं । यूं हिन्दी फर्राटे के साथ बोलते हैं । दलित चेहरा है। उन्हें काफी प्रशासनिक अनुभव है । कर्नाटक के मुख्यमंत्री रह चुके हैं ।असल में भारतीय जनता पार्टी का बर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है । वहां सब कुछ अब मोदी जी और उनके सलाहकार गृहमंत्री अमित शाह पर निर्भर करता है । मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों को चुनाव लड़वाया है, और ये उम्मीदवार अपना डिमोशन मानकर भी चुप है, तो इससे मोदी का बढ़ता प्रभाव समझा जा सकता है । उन्होंने फोटो सेशन में भी भाग नहीं लिया और मीटिंग के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस से भी गायब रहे । लालू यादव की बात समझ में आती है । नितीश कुमार जब विहार से बाहर जायेंगे तभी उनका पुत्र तेजस्वी यादव बिहार का मुख्य मंत्री बन सकता है । %लैण्ड फॉर जॉब% में वह आरोपी हैं । देर सबेर उसमें सजा होकर रहेगी । लालू यादव हैल्थ ग्राउण्ड पर जेल से बाहर हैं पर सक्रिय राजनीति में भाग ले रहे हैं । यूं महाराष्ट्र में अजीत गुट के वरिष्ठ जो पहले के मंत्रिमंडल में भी थे, अब हैल्थ ग्राउण्ड पर सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर होकर भी विधानसभा में बैठते हैं --पर सत्ता पक्ष की ओर से। तो बी.जे.पी. को अब लालू यादव पर सवाल उठाने का नैतिक आधार नहीं है। यूं मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वयं कहा है कि लोक-सभा के चुनाव के बाद 2024 में हमारी जितनी सीटें आती हैं, उसके बाद ही प्रधानमंत्री का नाम तय हो सकता है । यूं ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल, अखिलेश यादव, नितीश कुमार तथा अन्य दलों के नेताओं की भी ख्वाहिश प्रधानमंत्री बनने की है । असल में ये नेता अपने-अपने प्रदेश की स्थानीय पार्टी से सम्बन्धित हैं । इनका जनाधार अपने प्रदेश के बाहर नहीं है । अरविन्द केजरीवाल कह सकते हैं कि उनकी पार्टी दिल्ली और पंजाब दो राज्यों में है । परन्तु दिल्ली में तो कठपुतली सरकार है । यूं भी आम आदमी पार्टी शराब घोटाले में आरोपी है ।मध्यप्रदेश में तो अब केन्द्र के भूतपूर्व मंत्री और सांसद अब मात्र विधायक हैं । नरेन्द्र सिंह तोमर केन्द्र में कृषि मंत्री थे । वे अब मात्र स्पीकर हैं । यूं भाजपा ने कहते हैं नरेन्द्र सिंह तोमर पर दया ही की है । खड़गे बहुत गरीबी में जिये हैं । सन् 1940 में उनकी मां और बहन को जिंदा जला दिया गया था । उनके पिता एक मजदूर थे । किसी तरह खड़गे पढ़कर वकील बने । अभी हाल में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की 98 सीटों में उसने 57 सीटें जीती जो अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित थी । कांग्रेस को मात्र 40 सीटें मिलीं । समय बतलायेगा कि क्या आई.एन.डी.आई.ए. भाजपा को मात दे सकता है ? अभी तो सन् 2024 में मोदी जी ही तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते दिख रहे हैं ?

नया साल......हैप्पी रीडिंग!

श्रुति व्यास

पिछली रात दुनिया ने गुज़रे हुए कल के दु:ख और आने वाले कल की आशा के मिलेजुले भाव के साथ नए साल में प्रवेश किया। उम्मीद है, दुनिया को कि नया साल 2023 से बेहतर होगा! वह उसे बेहतर बनाने के लिए प्रयास करने को तत्पर भी है। युद्ध न हों, लोग सद्बुद्धि और कॉमन सेंस से काम लें, क्लाइमेट चेंज से होने वाला विनाश केवल एक दुस्वप्न बना रहे, न कि यथार्थ बने ङ्क और दुनिया को ऐसे नेता मिलें जिन्हें निरंकुश सत्ता की भूख न हो। व्यक्तिगत तौर पर मेरे, आपके और मेरे-आपके जैसे बहुत से लोगों के न्यू ईयर संकल्पों की सूची में शामिल होगा अपना स्वास्थ्य बेहतर बनाना, ज्यादा फिट, समझदार और समृद्ध बनना, देना सीखना, धैर्यवान बनना और सबसे बढ़कर, ज्यादा खुश रहना। और इस सुबह हमने अपने कुछ पुराने न्यू ईयर संकल्प दोहराए होंगें, कुछ नए लिए होंगे, कुछ को नया कलेवर दिया होगा। इस प्रकार संकल्पों का नया चक्र शुरू हुआ होगा। संभावना यही है कि एक हफ्ते बाद हम में से ज्यादातर को यह याद भी नहीं रहेगा कि हमने क्या संकल्प लिया था। मगर यह परंपरा का तकाजा है कि न्यू ईयर पर नए संकल्प लिए जाएं और यह परंपरा निश्चित ही बेबीलोन की सभ्यता जितनी पुरानी है। हां, करीब चार हजार साल पुरानी बेबीलोन की सभ्यता वह सबसे पुरानी मानव बसाहट है जिसके बारे में हमें पता है कि वहां नए साल का जश्न मनाया जाता था। उनका नया साल जनवरी में नहीं बल्कि मार्च के मध्य में शुरू होता था, जब फसलें बोई जाती थीं। बारह दिन तक चलने वाले नए साल के जश्न में जीवन के चक्र की नई शुरुआत का उत्सव मनता था, जिसे अकीतू कहा जाता था। अकीतू से ही नए कृषि कैलेंडर की शुरूआत होती थी। अकीतू के दौरान ईश्वर को प्रसन्न करने के लिए लोग वायदा करते थे कि वे अपने कर्ज चुकाएंगे और जो चीजें उन्होंने दूसरों से उधार ली

हैं, उन्हें वापिस करेंगे। जो बेबीलोनवासी अपने वायदे निभाते थे, उन्हें ईश्वर का आशीर्वाद मिलता था और जो नहीं, उन्हें ईश्वर के कोप का सामना करना पड़ता था। जाहिर सी बात है कि कोई नहीं चाहता था कि ईश्वर उस पर कुपित हों। ऐसे ही प्राचीन मिस्त्र के निवासी नील नदी के देवता हापी को बलि चढ़ाकर जुलाई में अपने नए साल का आगाज़ करते थे। जुलाई में नील में हर साल आने वाली बाढ़ का पानी उतरता था और अपने पीछे अत्यंत उपजाऊ मिट्टी छोड़ जाता था। हापी की आराधना करके और उन्हें बलि चढ़ाकर मिस्त्रवासी उम्मीद करते थे कि आने वाले साल में उनके सितारे बुलंद रहेंगे, फसलें लहलहाएंगी और उनकी सेनाओं को एक के बाद एक जीत हासिल होगी। ऐसा ही कुछ प्राचीन रोम में भी होता था मगर एक अलग तारीख पर।46 ईसा पूर्व में सम्राट जूलियस सीजर, जिन्हें सुधार और परिवर्तन लाने का बहुत शौक था, ने कैलेंडर से थोड़ा छेड़छाड़ कर 1 जनवरी को नए साल का पहला दिन बना दिया। साल के पहले महीने का नाम रोमन देवता जेनस के नाम पर जनवरी रखा गया। दो मुंह वाला जेनस शुरूआत और अंत का देव था और दरवाजों और मेहराबों में बसता था। जनवरी का महीना रोमवासियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण था। नए साल के जश्न के दौरान वे जेनस की पूजा करते थे, उसे बलि चढ़ाते थे और वायदा करते थे कि आने वाले साल में वे उत्तम आचरण करेंगे। परंतु ईसाईयों को रोमन सभ्यता की बुतपरस्ती बिल्कुल पसंद नहीं थी और इसलिए यूरोप में मध्यकाल में धार्मिक महत्व के दिनों जैसे क्रिसमस और फीस्ट ऑफ अन्नसीएशन (जिस दिन मरियम को यह पता चला था कि वे ईसा मसीह की मां बनेंगी) से नया साल शुरू करने की जुगत भिड़ाई गई। क्रिसमस 25 दिसंबर को मनाया जाता है और फीस्ट ऑफ अन्नसीएशन 25 मार्च को। इस परिवर्तन से नए साल के संकल्पों में भी बदलाव आया। उन पर धार्मिक कलेवर चढ़ गया। नए साल के पहले दिन आपसे यह अपेक्षा की जाती थी कि आप पिछले साल में की गई भूलों को याद करें। यह संकल्प लें कि भविष्य में आप बेहतर जीवन बिताएंगे। सत्रहवीं सदी में स्काटलैंड में रहने वाली एक महिला ने अपनी डायरी में लिखा था कि वह अपने नए साल के संकल्प बाईबल से लेती है जैसे मैं किसी को ठेस नहीं पहुचाऊंगी। इस तरह के धार्मिक वायदे आज के न्यू ईयर संकल्पों के पूर्वज थे। आधुनिक काल में वैश्विकरण हुआ और अब सोशल मीडिया ने हमारी जिंदगी के हर पहलू में घुसपैठ कर ली है। अब नए साल के संकल्प धर्मनिरपेक्ष बन गए हैं। हिन्दू, मुसलमान, अनीश्वरवादी, नास्तिक सभी नए साल पर संकल्प लेते हैं। यह बात अलग है कि एक जनवरी को लिया गए संकल्प का पालन सात जनवरी तक भी जारी नहीं रहता। एक बात और। हम अपनी परंपराएं और अपना नववर्ष भूल गए हैं। मुझे तो चैत्र के शुक्ल पक्ष के पहले दिन नए साल का संकल्प लेना ज्यादा अच्छा लगता है। यह दिन मार्च-अप्रैल में आता है जब मौसम खुशनुमा होता है, धूप भली-सी लगती है और पेड़-पौधे खिले-खिले से होते हैं। मगर जो सब कर रहे हैं वह हमें भी करना ही पड़ता है और इसलिए हम सभी ने ठंडी, कोहरे से भरी रात में जाम से जाम टकराए और नए साल का स्वागत किया। बहरलाल, जैसे-जैसे एक जनवरी सभी के नए साल की शुरूआत बनती गई, वैसे ही नए साल के संकल्पों की प्रकृति भी बदलने लगी। अब उनमें धार्मिकता का पुट नहीं बचा। अब कोई अपने ऋण चुकाने और किसी को ठेस न पहुंचाने जैसे संकल्प नहीं लेता। अब तो सब कुछ 'मैं' और 'मेरे' के आसपास घूमता है। आज सुबह उठने के बाद आपने जब अपना इंस्टा या एक्स एकांउट खोला होगा (दिन की शुरूआत मोबाइल की स्क्रीन निहारने से न करने के पिछली रात के संकल्प के बावजूद) तो आपने देखा होगा कि आपके मित्रों ने कुछ इस तरह के संकल्प लिए हैं मैं अपने से प्यार करूंगा, मैं खुद पर दया करूंगा मैं अपनी खुशियों को प्राथमिकता दूंगा, मैं खुद के प्रति कृतज्ञ रहूंगा आदि, आदि। मैं तो यह मानती हूं कि सबसे बढ़िया संकल्प यही है कि कोई संकल्प न लिया जाए।

संक्षिप्त समाचार

चंपारण्य धाम में रविवार से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन, माहेश्वरी सभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी होंगे शामिल

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के मार्गदर्शन एवं धमतरी जिला माहेश्वरी सभा के तत्वाधान में महाप्रभु वल्लभाचार्य की प्राकट्य स्थली चम्पारण्य धाम में श्री शिव महापुराण कथा का पावन आयोजन सात दिवसीय भव्यता के साथ किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि श्री शिव महापुराण कथा 7 जनवरी से प्रारंभ होगी जिसमें दोपहर 12 बजे महिलाओं द्वारा भव्य कलश के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं स्थानीय माहेश्वरी सभा अध्यक्ष पन्नालाल चाण्डक, सचिव पारस चाण्डक, धमतरी जिला माहेश्वरी सभा के संरक्षक कस्तुरचन्द राठी, उपाध्यक्ष द्वारकादास चाण्डक, कार्यक्रम संयोजक मुलचन्द लड्ढा, प्रदेश सभा कार्यकारी सदस्य ताराचन्द चाण्डक, धमतरी जिला माहेश्वरी महिला संगठन की अर्थमंत्री उमा चाण्डक, स्थानीय माहेश्वरी महिला मण्डल अध्यक्ष ज्योति लड्ढा, युवा मण्डल अध्यक्ष योगेश लड्ढा ने बताया की प्रतिदिन तय समय के अनुसार दोपहर 3 से 7 बजे तक कथा होगी जिसके बाद 13 जनवरी को यज्ञ एवं पूर्णाहुती का कार्यक्रम संपन्न होगा। वृन्दावन बृजधाम के संत महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी श्री भास्करानन्द महाराज के श्री मुख से चम्पारण्य की पावन भूमि में स्थित श्री गोपाल धर्मशाला के मैदान में यह कथा प्रवाहित होनी है।



अंतर्राष्ट्रीय तेलुगु सम्मेलन में शामिल हुए राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन

रायपुर (विश्व परिवार)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन आज आंध्रप्रदेश के राजमहेन्द्री में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय तेलुगु महासभा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि तेलुगु भाषा सभी भारतीय भाषाओं में से तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है और आज दुनिया भर में 10 करोड़ से ज्यादा लोग तेलुगु बोलते हैं। भाषा संस्कृति और सभ्यता को आधार और ढाँचा प्रदान करती है। ऐसे समय में जब भाषा और सांस्कृतिक मूल्यों में गिरावट आ रही है, ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से समाज में जीवन का संचार होगा और युवा पीढ़ी इससे लाभान्वित होगी। चैतन्य एजुकेशन ग्रुप और आंध्र सारस्वत परिषद द्वारा संयुक्त रूप से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

सड्डू बीएसयूपी कॉलोनी में मकान मालिक श्रीमती पुष्पा मारकंडे के नाम से पहली रजिस्ट्री दर्ज

रायपुर (विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक-9 के राजस्व विभाग के सतत प्रयासों एवं नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर, राजस्व विभाग अध्यक्ष श्रीमती अंजनी राधेश्याम विभार, आयुक्त श्री अविनाश मिश्रा के निर्देश, अपर आयुक्त राजस्व श्री अभिषेक अग्रवाल, उपायुक्त राजस्व डॉ. आर. के. डोंगरे, जोन 9 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर निगम जोन क्रमांक 9 के अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक 7 के तहत केन्द्र प्रवर्तित बीएसयूपी आवासीय कॉलोनी में ब्लॉक नम्बर 5 के मकान नम्बर 6 के रहवासी मकान मालिक श्रीमती पुष्पा मारकंडे पति श्री अमर सिंह वृद्धावन के नाम से पहली रजिस्ट्री दर्ज की गयी है। नगर निगम राजस्व विभाग ने केन्द्र प्रवर्तित बीएसयूपी योजनाओं की समस्त आवासीय कॉलोनियों के रहवासी मकान मालिकों से योजना के तहत शीघ्र मकानों की सम्पूर्ण किश्त रूपये 20000 मात्र का सम्पूर्ण एकमुश्त भुगतान करके अपने मकान की रजिस्ट्री करवाने एवं योजना के तहत अधिकतम वांछित लाभ सहजता एवं सरलता के साथ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

रायपुरा मुख्य मार्ग के लगभग सौ चिल्हर दुकानें महादेवघाट विसर्जन कुण्ड समीप व्यवस्थापित

रायपुर (विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर एवं आयुक्त श्री अविनाश मिश्रा के आदेशानुसार नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 की टीम ने जोन क्षेत्र के तहत महादेवघाट रायपुरा मुख्य मार्ग में प्रति सप्ताह गुरुवार को सड़क पर लगाए जाने वाले सब्जी बाजार के सभी लगभग 60 सब्जी एवं लगभग 40 ठेला व्यवसायियों इस प्रकार लगभग 100 व्यवसायियों को रायपुरा मुख्य सड़क से ले जाकर महादेवघाट विसर्जन कुण्ड के समीप नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 द्वारा चिन्हित वेंडर जोन में व्यवस्थित कर दिया है, इससे वहाँ के रहवासियों, वाहन चालकों, राहगीरों को यातायात जाम से हो रही असुविधा के दूर होने से तत्काल काफी राहत मिली है। नगर निगम जोन 8 द्वारा भविष्य में रायपुरा मुख्य मार्ग की सड़क पर बाजार लगाया जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। भविष्य में वहाँ सड़क पर बाजार लगाये जाने की स्थिति मिलने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत 76 करोड़ रूपए से अधिक की तृतीय किस्त जारी

रायपुर (विश्व परिवार)। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 76 करोड़ 2 लाख 90 हजार रूपए की तृतीय किस्त सिंगल नोडल एजेंसी के खाते में आबंटित कर दी है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जिलों को जारी तृतीय किस्त में से मटेरियल कास्ट के लिए 33 करोड़ 77 लाख 31 हजार रूपए, रसोईया मानदेय 40 करोड़ 75 लाख 84 हजार रूपए और एम.एम.ई. (प्रबंधन) के लिए एक करोड़ 49 लाख 75 हजार रूपए की राशि आबंटित की गई है।

मुनिश्री संधानसागर जी महाराज ने कहा- स्थान नहीं, नेचर बदलो

एलोरा (विश्व परिवार)। संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरूणाई के प्रखर वक्ता मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज ने कहा कि विद्यालय नहीं नेचर बदलो, कार्य नहीं-कारण बदलो, स्थान नहीं-नेचर बदलो, दूसरों को नहीं स्वयं को बदलो। मुनिश्री जी ने मंदिर के इंग्लिश वर्ड की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि मंदिर के प्रथम अक्षर एम कह रहा है कि चेन्ज योर माइन्ड, चेंज योर एक्शन, एन कहा रहा है कि चेंज योजर नेचर, डेस्टिनेशन को बदलो, इन्टररेस्ट (रूचि) को बदलो एवं आर कह रहा है कि रिलेशन चेंज करो। मंदिर जाने से ये सब परिवर्तन होगा ही। पूज्यश्री ने कहा कि जिधर पीठ है, उधर मूंह कर लो, जिधर मूंह है उधर पीठ कर लो बस कल्याण हो जाएगा।

चन्दन में शीतलता नहीं : मुनिश्री जी ने मध्यांह में प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हे प्रभो!आपके चरणों में, आपकी वाणी में जो शीतलता है वह मलयाचल के चंदन में भी नहीं, ऐसी शीतलता चन्द्रमा की किरणों में भी नहीं, गंगाजल में भी नहीं एवं मोतियों के हार में भी नहीं। मुनिश्री जी ने कहा कि दावाग्नि- बड़वाग्नि- जठराग्नि एवं कषायाग्नि से संसार जल रहा है, बस धयाग्नि को अपने जीवन में अपना लो जीवन शीतल बन जाएगा। शीतलनाथ भगवान की स्तुति करते हुए कहा कि मुनिश्री जी ने यह संसार प्राणी अनादिकाल से संताप से व्याकुलित है। पूजा की पंक्तियां सार्थक है- प्रभो काल अनादि से जग का संताप सहा, अब सहा नहीं जाता, प्रभु द्वेष महा, इस द्वेष की ज्वाला को अब शांत करो स्वामी, नवदेव शरण आया, शरणा दो जगनामी। प्रभु की वाणी चतुर्गति के जीवों का कल्याण करने वाली होती है। इसी वाणी के द्वारा विषयों की अभिलाषा की मुर्छा को दूरकर सकते हैं। मुनिश्री जी ने आचार्य समन्तभद्र स्वामी के द्वारा दिये उदाहरण को बताते हुए कहा कि जैसे वैद्य विष के द्वारा मुर्छित मनुष्य को मंत्र आदि से ठीक कर देता है- विष से निर्विष कर देता है, इसी प्रकार प्रभु की वाणी अज्ञान एवं मोह के कारण विषयाभिलाषा रूपी कल्पित सुख मुर्छा को दूर कर दिया। अंत में आचार्यश्री जी का हायकू लिया- नाड़ हिलती लार गिरती किन्तु तृष्णा युवती/आदमी तन से बुढ़ा हो जाता है पर मन उसका जवान होता जाता है। -**विद्यावाणी संकलन**

निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित

राजनैतिक दलों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में दी गई जानकारी

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले द्वारा राज्य स्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ 05 जनवरी 2024 को निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में बताया गया कि राज्य में 1,01,49,798 (पुरूष), 1,02,72,119 (महिला), कुल-739 (थर्ड जेंडर) कुल-2,04,22,656 पंजीकृत मतदाता है। पुनरीक्षण में 01 जनवरी के साथ साथ 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर, 2024 को भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। वोटर हेल्प लाइन एप अथवा वेबसाइट https://voters.eci.gov.in के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन 06 जनवरी 2024 से दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अवधि प्रारंभ हो जाएगी। सभी नागरिक 22 जनवरी, 2024 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 08 फरवरी 2024 को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रदेश की मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाए जाने हेतु इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

पाषाण को भगवान बनाने की प्रक्रिया है पंचकल्याणक महामहोत्सव : मुनि श्री विनम्रसागर जी महाराज

पंचकल्याणक महोत्सव स्थल का भूमिपूजन एवं शिलान्यास

तालबेहट/ललितपुर (विश्व परिवार)। कस्बे के पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि विनम्र सागर महाराज ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पंचकल्याणक महामहोत्सव पाषाण को भगवान बनाने की प्रक्रिया है। मुख्य पात्रों ने पुण्योदय से जिनेन्द्र देव की प्रतिमा की प्रतिष्ठा कराने का महा सौभाग्य प्राप्त किया है। सुबह मुनि विनम्र सागर महाराज के साथ मुनि निस्वार्थ सागर, मुनि निर्मद सागर, मुनि निसर्ग सागर, मुनि श्रमण सागर एवं क्षुल्लक हीरक सागर के सानिध्य में सामूहिक अभिषेक शांतिधारा पूजन एवं शान्तिनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया। आचार्य श्री के चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन एवं पाद पृच्छालन के पश्चात मुनि विनम्र सागर महारज ने कहा नगर में ऐतिहासिक कार्यक्रम होने जा रहा है जिसकी सफलता का श्रेय सभी को मिलना चाहिए, अत: सभी को इसमें शत प्रतिशत योगदान देते हुए अपने भाग्य को जगाना है।

आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद और परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि विनम्र सागर महाराज के ससंघ सानिध्य एवं वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी विनय भैया के निर्देशन में 21 से 26 जनवरी 2024 तक होने वाले ऐतिहासिक श्रीमज्जिनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा, हवन एवं गजरथ महोत्सव मंगलाचरण हेतु दोपहर की बेला में एवं नितिन भैया खुरई के नेतृत्व में मर्दन सिंह ग्राउंड पंचकल्याणक महोत्सव स्थल का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। सायं काल की बेला में आचार्य भक्ति, संस्कृतिक कार्यक्रम एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौक़े पर माता-पिता वीना अजय जैन ललितपुर, सौधर्म इन्द्र चौधरी नेहा विकास कुमार, रूबी आकाश जैन, कुबेर इन्द्र मिठया यशपाल जैन, ध्वजारोहणकर्ता सुरेन्द्र कुमार प्रीतेश जैन सौरभ पवैया, महायज्ञनायक मोदी यशपाल सागर जैन, राजा श्रेयांश पं. विजय कृष्ण अजय जैन अज्जू, राजा सोम मोदी विनोद कुमार सजल जैन, भरत चक्रवर्ती मोदी देवेंद्र कुमार गौरव जैन बसार, बाहुबली इन्द्र निर्मल कुमार नितिन बुखारिया, यज्ञ नायक चौधरी गजेन्द्र कुमार मुकुल जैन देवास एवं मिठया राजीव कुमार जैन, ईशान इन्द्र नरेश कुमार दीपक जैन पारौन, सनत कुमार इन्द्र मोदी प्रकाश चंद प्रशांत कुमार प्रिंस जैन पारौन, महेंद्र इन्द्र डॉ. महेंद्र कुमार जैन, विधि नायक मोदी कमल कुमार कपिल जैन गौतम मोदी बसार, ब्रह्म इन्द्र आंनद कुमार सौरभ मोदी, ब्राह्मोत्तर इन्द्र सुकमाल कुमार सुधीर चौधरी, मंडप उद्घाटन कर्ता मोदी अरूण कुमार अभिषेक जैन श्रावकश्रेष्ठी एवं अनिल कुमार, रीतेश चौधरी, प्रवीन कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में दिगम्बर जैन मंदिर समिति, पंचकल्याणक समिति, अहिंसा सेवा संगठन, वीर सेवा दल, जैन युवा सेवा संघ, जैन मिलन सहित सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। संचालन चौधरी चक्रेश जैन एवं आभार व्यक्त आदेश मोदी एवं सौरभ जैन ने किया। -**विशाल जैन पवा**

मोदी सरकार आपके द्वार शिविर से लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है : सांसद सुनील सोनी

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के वार्ड 30 में लगाया गया, सांसद सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा पहुंचे

रायपुर (विश्व परिवार)। आज दिन की दूसरी पाली में केन्द्र सरकार के लोकहितैषी विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक-3 के तहत शंकरनगर वार्ड क्रमांक-30 के तहत बीटीआई ग्राउंड शंकरनगर में आमजनों की सुविधा हेतु केन्द्र सरकार की पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्रों को प्रत्यक्ष लाभान्वित करने के उद्देश्य से लगाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत लगाये गये नगर निगम जोन क्रमांक 3 के तहत वार्ड नम्बर 30 के एक दिवसीय शिविर में रायपुर लोक सभा सांसद सुनील सोनी एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा सहित जोन 3 जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष लोकेश कावड़िया, शंकर नगर वार्ड पार्षद श्रीमती सुमन राम प्रजापति, सुश्री विश्वदिनी पाण्डेय, रोहित साहू, जोन 3 जोन कमिश्नर विमल शर्मा, जोन कार्यपालन अभियंता राकेश अवधिया सहित नगर पालिक निगम, रायपुर जिला प्रशासन सहित विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। रायपुर सांसद सुनील सोनी एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने जोन 3 जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, पार्षद श्रीमती सुमन प्रजापति, सुश्री विश्वदिनी पाण्डेय, रोहित साहू की उपस्थिति में शिविर स्थल पर मंच से प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र हितग्राही श्रीमती वनीशा मिश्रा को अधिकार पत्र प्रदत्त किया । उज्जवला योजना में पात्र हितग्राही वैशाली साहू, मधु साहू को स्वीकृति पत्र प्रदत्त किया। स्वनिधि योजना में टाइल्स का कार्य करने वाले श्रमवीर अनिरूद्ध साहू द्वारा 10 हजार रू. का लोन अदा करने पर उन्हे बिना गारंटी वाला 20 हजार रू. का लोन का धनादेश प्रदत्त किया गया। पात्र बढई व्यवसायी सुरेष दास सहित अमर दास शहनाज बानो एवं कपड़ा विक्रय व्यवसाय में श्रमवीर रिजवाना बी को 10 हजार रू. का बिना गारंटी वाला लोन का धनादेश प्रदत्त किया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से सुनने में परेशानी होने की स्वास्थ्य समस्या से पीडित नागरिक सुजन कुमार अग्रवाल को श्रवण यंत्र प्रदत्त किया गया। आयुष्मान भारत योजना में पात्र हितग्राही सत्यवती एवं नेहा सागर को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदत्त किया गया । रायपुर लोकसभा सांसद श्री सुनील सोनी ने समस्त उपस्थित जनों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की सामूहिक शपथ दिलवायी।

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने किया बीपीओ कॉल सेंटर का निरीक्षण

प्रशिक्षण के लिए नए कोर्स शुरू करने और दूरस्थ के बच्चों को अवसर प्रदान करने दिए निर्देश

रायपुर (विश्व परिवार)। कलेक्टर डॉस गौरव कुमार सिंह ने आज शाम कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में संचालित बीपीओ कॉल सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर सेंटर में काम कर रहे कर्मचारियों से बात की एवं उनसे काम के जुड़े उनके अनुभव पूछे। साथ ही काम से जुड़ी जानकारी जैसे वेतन और काम की अवधि के बारे में और बीपीओ कॉल सेंटर के संचालक से केंद्र में काम कर रहे युवक-युवतियों के रहने खाने की सुविधा, कार्यावधि और आवागमन की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने कॉल सेंटर में काम कर रहे युवाओं के लिए नए अवसर प्रदान करने नए कौशल से जुड़े विषयों की ट्रेनिंग देने और साथ ही दूरस्थ अंचल के बच्चों को भी नौकरी का अवसर प्रदान करने के सुझाव दिए। साथ ही कहा कि परंपरागत व्यवसाय से जुडे वर्गों के कॉल सेंटर से जोड़े और उनकी प्रतिभा को विकसित करें।

कलेक्टर ने बीपीओ सेंटर के विभिन्न विभागों का भी निरीक्षण किया, साथ ही कैफेटेरिया का निरीक्षण कर खाने की गुणवत्ता और कर्मचारियों की सुविधा के विषय में आवश्यक निर्देश दिए इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप उपस्थित थे।

राजस्व अमला अपने कामों मे तेजी लाए, लोंगो की समस्याओं का करें त्वरित निराकरण : कलेक्टर

डॉ. गौरव सिंह ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

जाति-आय एवं निवास प्रमाण पत्रों के आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

रायपुर (विश्व परिवार)। राजस्व विभाग प्रकरणों का जल्द निपटारा करें। आम जनता से जुड़े राजस्व कार्यो का त्वरित निराकरण करने पहल करें उन्हें राहत दें। जाति-आय तथा निवास प्रमाण पत्र इत्यादि निश्चित समयावधि पर बनाकर दें। यह बात कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कही। वे आज रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सभी अनुविभागीय अधिकारी तथा तहसीलदार से चर्चा कर उनसे राजस्व प्रकरणों सहित अन्य विषयों की जानकारी ली। उन्होने कहा कि वाले अविवादित नामांतरण ,बंटवारा तथा सीमांकन के प्रकरणों को जल्द से जल्द एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। सभी एसडीएम अपने अधीनस्थ एवं मैदानी राजस्व अमलों से समय पर प्रतिवेदन प्राप्त करें। निरंतर दौरा करें और नामांतरण के पंचायत में लंबित प्रकरणों का भी समाधान करें। डॉ सिंह ने कहा कि आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता दिलाना सीधा आम जनता से जुड़ा विषय है। इस पर संवेदनशीलता से कार्य करें और हितग्राहियों को नियमानुसार जल्द मुआवजा प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि पटवारियों को अपने कार्यालय में बैठने का दिन सुनिश्चित करें संबंधित पंचायत की दीवार में लिखाये। सभी तहसीलदार राजस्व प्रकरणों का हल्कावार समीक्षा करें और यह भी ध्यान दें कि कोई भी प्रकरण अपंजीकृत ना हो। सभी राजस्व न्यायालय निश्चित समय पर नियमित रूप से लगाएं ताकि पक्षकारों को बार-बार ना आना पडे और उनके प्रकरणों में जल्द निर्णय हों। उन्होंने कहा कि सीमांकन के प्रकरण शीघ्र निराकृत करें। अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर नियमानुसार जल्द कार्वाई करें। सकारात्मक भाव से काम करें और अनुशासन बनाएं रखें। बी- 1 पढ़कर सुनाए तथा फौती दर्ज करनेअभियान चलाएं। भाड़ा नियंत्रण के लंबित प्रकरणों को समीक्षा कर जल्द निपटारा करें।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि प्रत्येक राजस्व अधिकारी का अपने क्षेत्र में जनता के साथ प्रत्यक्ष संपर्क होता है। उनके साथ संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें। ऐसे कार्यों में त्वरित पहल करें। आधार सीडिंग, किसान किताब की प्रविष्टि, जेंडर प्रविष्टि की समीक्षा करें। धान खरीदी केन्द्रो में व्यवस्था बनाएं रखें और धान बेचने वाले किसानों को किसी प्रकार की तकलीफ ना हो। इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री बी.बी पंचभाई, श्री बी.सी साहू सभी एसडीएम सहित राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय अधिवेशन 20-21 जनवरी को वरिष्ठ व विशिष्ट पत्रकारों का होगा सम्मान

जयपुर (विश्व परिवार)। जैन पत्रकार महासंघ (रजि) के तत्वावधान में शीतल तीर्थ धामनोद, रतलाम में दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 20-21 जनवरी 2024 को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया है।

महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर ने अवगत कराया कि उक्त राष्ट्रीय अधिवेशन में जैन पत्रकार, संपादक, विद्वान, लेखक एकत्रित होंगे। सम्मेलन में सम्मान समारोह के अंतर्गत कार्यक्रम संपन्न होंगे, जिसमें देश के वरिष्ठ, विशिष्ट जैन पत्रकार, संपादक, विद्वान, लेखकों को समाज भूषण राजेन्द्र के गोधा स्मृति जैन पत्रकारिता पुरस्कार, बागड गौरव श्री सोहन लाल जी गॉधी स्मृति जैन पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

20 जनवरी को निकटतम जैन तीर्थों के दर्शन, 21 जनवरी को प्रात: 9 बजे से राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया की अध्यक्षता में साधारण सभा, एवं दोपहर 1 बजे से राष्ट्रीय अधिवेशन, समारोह समारोह आदि कार्यक्रम सम्पन्न होंगे।

-**उदयभान जैन**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर, शनिवार 06 जनवरी 2024

संक्षिप्त समाचार

नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत ने किया पदभार ग्रहण

बालोद(विश्व परिवार)। बालोद जिले के नवपदस्थ कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज अपरान्ह संयुक्त जिला कार्यालय में पहुँचकर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। निवर्तमान कलेक्टर श्री शर्मा ने नवपदस्थ कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल को कलेक्टर बालोद के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री चंद्रवाल के संयुक्त जिला कार्यालय पहुँचने पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक, एसडीएम बालोद श्रीमती शीतल बंसल ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री शशांक पाण्डेय एसडीएम गुण्डरदेही श्री मनोज मरकाम, जिला कोषालय अधिकारी श्री मुकुंद भारद्वाज, जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री चंद्रेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से वाहन चालक की मौत

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा जिले में एक ट्रैक्टर चालक की दुर्घटना में मृत्यु हो गई हैं। बताया जा रहा हैं की ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसके नीचे चालक आ गया और उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना अंतर्गत करमंदी नाले के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली में रेत लोड कर चालक निकल रहा था, परन्तु एकाएक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इंजन के नीचे दब जाने से चालक की मृत्यु हो गई। जब राहगीरों की नजर उस पर पड़ी, तब उन्होंने इसकी सूचना सिविल लाइन थाना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने चालक को ट्रैक्टर के नीचे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत ट्रैक्टर चालक की पहचान राजेश कर्ष (26) के रूप में की गयी हैं, जो ग्राम करमंदी का रहने वाला था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला युवक का शव, इलाके में फैली सनसनी

सूरजपुर(विश्व परिवार)। सूरजपुर के नमदगिरी गांव में 28 वर्षीय युवक का संदिग्ध हालात में खेत पर पड़ा शव मिलने से सनसनी फैल गयी है. युवक मंगलवार रात से लापता था, घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है, वहीं डॉग स्क्वाड और एफएसएल की टीम को भी मौके पर जांच के लिए बुलाया गया है. जानकरी के मुताबिक, युवक का नाम सुनील देवांगन है जो कि नमदगिरी गांव का ही रहने वाला था. वह बीती रात अपने घर वालो को बिना बताए घर से कही जाने के लिए निकला, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा. आज सुबह जब उसके परिजन घर के बाहर निकले तो घर से 300 मीटर की दूरी पर खेत में सुनील का शव पड़ा हुआ देखा. जिसके बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी. परिजनों की सूचना के काफी देर के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. तब तक इलाके में युवक की मौत की खबर से सनसनी फैल गई और मौके पर आस-पास रहने वाले लोगो की भीड़ जुट गई. मामले में कोतवाली थाना प्रभारी विमलेश दुबे ने बताया कि, मर्ग कायम लिया गया है, युवक की नाक और सर में चोट के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका है, डॉग स्क्वाड और एफएसएल की टीम को भी घटना स्थल पर जांच करने के लिए बुलाया गया है. पुलिस मौका-ए-वारदात पर बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है.

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बालिका गृह, नारी निकेतन और सखी सेंटर का किया निरीक्षण

सूरजपुर(विश्व परिवार)। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने उन्होंने आज रायपुर स्थित शासकीय बालिका गृह, नारी निकेतन और सखी सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं और महिलाओं को हर जगह सुरक्षा का अहसास होना चाहिए, इसके लिए उचित वातावरण और आवश्यक व्यवस्था होनी चाहिए। श्रीमती राजवाड़े ने बालिकागृह की बच्चियों से बात कर उनकी दिनचर्या, पढ़ाई और अन्य विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बालिकाओं द्वारा तैयार किए गए सजावटी सामानों को देखा और उनका हौसला बढ़ाया। श्रीमती रजवाड़े ने नारी निकेतन और सखी सेंटर पहुंचकर भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और महिलाओं की हर संभव मदद के लिए कहा।

बालको के मेगा हेल्थ कैंप से नागरिकों को मिला स्वास्थ्य लाभ

शिविर से लगभग 157 नागरिक लाभान्वित हुए

बालकोनगर(विश्व परिवार)। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) हेल्प एज इंडिया के सहयोग से अपने आरोग्य परियोजना के अंतर्गत गहनिया गांव में मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया। समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए गए शिविर में चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। शिविर से लगभग 157 नागरिक लाभान्वित हुए। यह मेगा हेल्थ कैंप विशेषकर जनजाति समुदाय को समर्पित था जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में विशेषज्ञ सेवाएं जैसे दंत, त्वचा, हड्डी, स्त्री रोग, ईएनटी, मेडिसिन, सामान्य चिकित्सक और मधुमेह, रक्तचाप के लिए नैदानिक परीक्षण आयोजित किए गए। वृद्धजनों को एडवांस इलेक्ट्रोथेरेपी तकनीक से फिजियोथेरेपी सेवा प्रदान की गई। 56 वृद्ध एवं महिला को ओपीडी तथा 13 गर्भावस्था महिलाओं को परामर्श दिया गया। 39 हिमोग्लोबिन, 27 मधुमेह, 19 त्वचा जांच के साथ 7 लोगों को फिजियोथेरेपी सेवाएँ दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 34 महिलाओं को परामर्श दी गई। मल्टी-स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप से बालको समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य बेहतर भविष्य की ओर लेकर जाने के कटिबद्ध है। सामान्य स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करने के साथ ही शिविर में आयुष्मान कार्ड पंजीकरण के बारे में जागरूकता फैलाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में गहनिया के साथ खेतार, फूटामुड़ा, केशलपुर और बेला पंचायत के 7 गाँवों के लोग शामिल हुए जिसमें उनकी आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाओं को सुनिश्चित किया गया। बालको ने इस साल लगभग 6 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि सामुदायिक भलाई और समृद्धि हमारी कंपनी की दृष्टिकोण के प्रतिबद्धता की आधारशिला है। हम व्यक्तियों को सशक्त बनाने और समुदायों को बढ़ावा देने में सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के महत्व को प्राथमिकता देते हैं। सभी के एकजुट प्रयासों से गहनिया मेगा हेल्थ कैंप से स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंदों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए बालको प्रबंधन कटिबद्ध है। बेला ग्राम पंचायत की सरपंच जया राठिया ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि बालको के इस मेगा हेल्थ कैंप से सभी को लाभ हुआ है। शिविर से स्वास्थ्य सेवा के बारे में लोगों के बीच जानकारी और जागरूकता का संचार हुआ। हम गहनिया में शिविर आयोजित करने के लिए बालको के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

जिले के नवनियुक्त कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

गरियाबंद (विश्व परिवार)। गरियाबंद जिले के नवनियुक्त कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज पदभार ग्रहण करने के पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर के प्रथम तल और भूतल में स्थित कार्यालयों एनआईसी कक्ष, सहायक आयुक्त कार्यालय, खाद्य शाखा, खनिज, रेशम, सांख्यिकी, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, आबकारी, शिक्षा, निर्वाचन, समग्र शिक्षा, श्रम विभाग, व्यापार एवं उद्योग, प्रधानमंत्री सड़क, जनसंपर्क, समाज कल्याण, स्थापना, नाजिर शाखा, जनचौपाल कक्ष, जिला कोषालय, भू-अभिलेख शाखा सहित परिसर में बन रहे नये गार्डन के निर्माणाधीन कार्यो का भी अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने सभी कार्यालयों में निर्धारित समय पर पहुंचकर शासकीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर , संयुक्त कलेक्टर सहित सभी एसडीएम और जिला अधिकारीगण मौजूद रहे।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के मेन एंट्रेंस में स्थापित ई.वी.एम डेमोस्ट्रेशन मशीन का भी अवलोकन किया। कलेक्टर की मौजूदगी में संयुक्त कार्यालय में ग्राम अमलीपदर से पहुंचे ग्रामीण श्री पालेश्वर साहू ने ईवीएम मशीन से वोट डालने की प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर ने ईवीएम डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से आगंतुकों को वोटिंग की प्रक्रिया की जानकारी सरल शब्दों और स्थानीय भाषा में देने के निर्देश मौके पर मौजूद कर्मचारी को दिये।

सूदखोर और उसके परिवार ने महिला का पीट-पीटकर फोड़ दिया सिर

ब्याज देने के बाद भी नहीं मान रह था आरोपी

कोरबा(विश्व परिवार)। जिले के बालको क्षेत्र में रहने वाली एक महिला की सूदखोर और उसके परिवार ने मिलकर जमकर पिटाई कर दी. घटना में महिला को गंभीर चोटें आईं और उसका सिर भी फूट गया है. मामले में महिला ने जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने मेमो के आधार पर बयान दर्ज किया है. जानकारी के अनुसार, बालको थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित महिला का नाम अंजान सिंह है, जिसने अपने घर के पास ही रहने वाले श्रीकांत मांझी नामक व्यक्ति से ब्याज पर पैसा लिए थे. महिला हर माह नियमित रुप से ब्याज की रकम चुकाती थी लेकिन किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया. जिसके बाद सूदखोर का परिवार उसके घर घुसा और मारपीट की घटना को अंजाम दिया. मामले की शिकायत पर पुलिस जांच शुरू कर दी है. पीड़ित महिला ने बताया श्रीकांत से वो 25 हजार लगभग 20 प्रतिशत ब्याज पर पैसा ली हुई थी. जिसके बाद वो हर माह ब्याज देते आ रही थी ब्याज समेत वो पूरा पैसा दे चुकी है उसके बाद भी वो पैसा मांग रहा था. जिसपर महिला के पैसा नहीं देने पर श्रीकांत अपने परिजनों के साथ आया और सभी ने महिला से मारपीट करते हुए लात डंडे से पिटाई कर दी. इस दौरान घर पर अकेले महिला चीखपुकार मचाने लगी. उसकी आवाज सुनकर बेटा आया और बचाने का प्रयास करते रहा. लेकिन आरोपी लोग नहीं माने और पिटाई करते रहे. वहीं आसपास मोहल्ले वाले तमास बिन बनकर देखते रहे कोई भी महिला को बचाने की हिम्मत नहीं की. महिला के सिर पर चोंटे आई और खून से लथपथ हो हुई. जिसके बाद आरोपी मौके से भाग खड़े हुए.

सांसद चुन्नीलाल साहू ने ग्राम शोभा में ड्रोन मशीन से दवाई छिड़काव का किया अवलोकन

गरियाबंद(विश्व परिवार)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जा रही है। साथ ही पात्र हितग्राहियों का शिविर स्थल पर ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पंजीयन एवं किसान क्रेडिट कार्ड तैयार कर लाभांवित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज ग्राम- शोभा में ड्रोन मशीन से नैनो यूरिया छिड़काव का जीवन्त प्रदर्शन किया गया। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री चुन्नीलाल साहू ने ड्रोन से दवाई छिड़काव का अवलोकन किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कृषि विभाग एवं नेशनल फर्टिलाईजर लिमिटेड के संयुक्त तत्वधान में विभिन्न ग्रामो में शिविर के माध्यम से ड्रोन तकनीकी द्वारा नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन किया जा रहा है। खेती में बढ़ते लागत,मजदूरों की कमी को देखते हुए खेती-किसानी को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से किसानों को प्रमुख फसलों में नैनो उर्वरक के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। नैनो उर्वरकों का फसल पर सही एवं लक्षित प्रयोग करने से पर्यावरण को बिना नुकसान पहुचाए पौधे को आवश्यक पोषण दिया जा सकता है और अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमति नुरमति मांझी, वरिष्ठ नागरिक श्री राजेश साहू, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं नागरीकगण उपस्थित रहे।

जिले के 12वें नवनियुक्त कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने किया पदभार ग्रहण

गरियाबंद (विश्व परिवार)। गरियाबंद जिले के नवनियुक्त कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज यहाँ जिला कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। 2016 बैच के आईएएस दीपक कुमार अग्रवाल गरियाबंद जिले के 12वें कलेक्टर के रूप अ:में नियुक्त किये गये हैं। पदभार ग्रहण के दौरांन जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर का स्वागत किया। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से परिचयात्मक चर्चा की। साथ ही जिले में चल रहे कार्यो की सामान्य जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर ने जिले के विकास की गति को आगे बढ़ाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत व बेहतर क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। जिले में पीएम जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को लाभान्वित किया जाएगा। नवपदस्थ कलेक्टर इससे पहले राजभवन और राज्य निर्वाचन आयोग में उपसचिव के रूप में पदस्थ रह चुके हैं। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, समस्त एसडीएम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

जगदलपुर नगर निगम में फिर मचने वाला है बड़ा उथल पुथल

अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा पार्षद लाएंगे अविश्वास प्रस्ताव : पाण्डेय

अनियमित सामान्य सभा और गंदी राजनीति है वजह

जगदलपुर(विश्व परिवार)। नगर निगम जगदलपुर के सत्ता शीर्ष पर बैठे जनप्रतिनिधियों की कुर्सी पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। निगम में एक बार फिर बड़ा सियासी उथल पुथल मचने वाला है। इस दफे नगर निगम अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। निगम नेता प्रतिपक्ष संजय पांडेय के नेतृत्व में आज भाजपा पार्षद दल ने कलेक्टर को अविश्वास प्रस्ताव लाने बाबत पत्र सौंपा। नगर निगम जगदलपुर की सत्ता पर कांग्रेस काबिज है। महापौर सफीरा साहू और नगर निगम सभापति कविता साहू दोनों ही कांग्रेसी हैं। कहने को तो जाहिरी तौर पर नगर निगम में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत प्राप्त है, मगर सूत्र बताते हैं कि अनेक कांग्रेसी पार्षद और कुछ एमआईसी मेंबर्स नगर निगम की अपनी ही सरकार से खुश नहीं हैं। मेयर और सभापति के कामकाज के तरीकों को लेकर उनमें नाराजगी है। ऐसे असंतुष्ट पार्षद और एमआईसी मेंबर्स अंदर ही अंदर सुलग रहे हैं तथा पार्टी के प्रति वचनबद्धता के कारण वे कुछ भी कर पाने में असमर्थ हैं। ये लोग लंबे समय से मौके की तलाश में हैं और मौका मिलते ही चौका लगाने के लिए बेताब हैं। अगर भाजपा के पत्र को कलेक्टर ने मंजूर कर लिया और अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा एवं मतदान के लिए तिथि तय कर दी, तो उस समय ये नाराज पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अपनी पूरी भड़ास व खीझ निकालने उतारने में कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष संजय पाण्डेय का कहना है कि मेयर जहां निर्दलीय एवं भाजपा पार्षदों के वार्डों की घोर उपेक्षा कर रही हैं, वहीं सदन संचालन में सभापति कविता साहू तटस्थ भाव का पालन नहीं करतीं। उनका झुकाव हमेशा सत्तापक्ष की ओर रहता है। वे निष्पक्ष होकर सदन चलाने में असमर्थ हैं तथा जानबूझकर ऐसा करती हैं। संजय पाण्डेय ने कहा कि निगम अध्यक्ष कविता साहू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव वास्तव में निगम में व्याप्त दलगत गंदी राजनीति , भारी भ्रष्टाचार, अनियमित सामान्य सभा और बहुमत की दादागिरी के खिलाफहै। उन्होंने कहा कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के किसी भी सदन के सभापति को निष्पक्ष रहकर अपना दायित्व निभाना चाहिए। सदन में संतुलन बनाए रखना सभापति का वैधानिक कर्तव्य होता है, मगर सभापति कविता साहू अपना यह कर्तव्य नहीं निभा पा रही हैं। नगर निगम सामान्य सभा की बैठकों में वे विपक्ष के साथ द्वेषपूर्ण और भेदभावपूर्ण व्यवहार करती हैं। इससे संविधान और सदन की गरिमा को ठेस पहुंच रही है। संजय पाण्डेय ने बताया कि इन बिंदुओं तथा कुछ अन्य मुद्दों के आधार पर सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने हेतु आवेदन कलेक्टर को दिया गया है।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर, शनिवार 06 जनवरी 2024

व्यापार समाचार

एक ही टिकट पर 2 दिन बाद भी कर सकते हैं सफर, नहीं लेना पड़ेगा दूसरा टिकट

नई दिल्ली(एजेंसी)। इंडियन रेलवे से रोजाना लाखों-करोड़ों लोग सफर करते हैं। लेकिन कई बारे कोहरे या अन्य कारणों की वजह से लोगों की ट्रेन छूट जाती है। ऐसे में वो नई टिकट लेकर फिर से यात्रा करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप एक ही टिकट पर 2 दिन बाद भी सफर कर सकते हैं, वो भी बिना पैसे खर्च किए? अगर नहीं तो आज ये खबर आपके बहुत काम की हो सकती है। आइए बताते हैं कि बिना पैसा खर्च किए आप एक ही टिकट पर 2 दिन कैसे सफर कर सकते हैं। दरअसल, इंडियन रेलवे के एक नियम के मुताबिक आप अपने टिकट को कैंसिल किए बैगर यात्रा की डेट बदल सकते हैं, जिसके लिए कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा। वहीं, आप 2 दिन बाद भी इस टिकट पर सफर कर सकते हैं। हालांकि इसके लिए कुछ नियम हैं, जो आपको जानना बहुत जरुरी है। कई बार लोगों की ट्रेन छूट जाती है। ऐसे में रेलवे आपको अगले 2 स्टॉप तक जाकर अपनी ट्रेन पकड़ने की सुविधा देता है। उसके बाद आप अपनी यात्रा पूरी कर सकते हैं। वहीं, कई बार लोग पहले से अपना टिकट बुक कर लेते हैं, लेकिन किसी कारण प्लानिंग बदल जाती है। ऐसे में नया टिकट नहीं लेना पड़ता है। आप उसी टिकट पर अपना सफर जारी रख सकते हैं। हालांकि ऐसे में आपका कोच बदल सकता है। अपनी यात्रा जारी रखने के लिए आपको टिकट कलेक्टर से बात करनी होगी। वह अगला टिकट तैयार करेगा और आपको देगा। यदि आपकी ट्रेन छूट जाती है, तो आप दो स्टेशन के बाद बैठ सकते हैं। तब तक टीटी आपकी सीट किसी को नहीं देगा। इस नियम के बारे में कम लोग जानते हैं। अगर आप 500 किमी से ज्यादा की यात्रा कर रहे हैं तो बीच में ब्रेक ले सकते हैं। यदि सफर एक हजार किमी का है, तो आप इसमें दो ब्रेक ले सकते हैं। जब आप यात्रा करते हैं तो चढ़ने और उतरने की डेट को छोड़कर 2 दिनों का ब्रेक ले सकते हैं।

10 में से 7 से ज्यादा भारतीय स्मार्ट डिवाइस अनुभव को आकार देने में चिप्स को मानते हैं अहम

नई दिल्ली(एजेंसी)। देश के 10 में से सात से अधिक (77 प्रतिशत) स्मार्ट डिवाइस उपयोगकर्ता अपने डिवाइस अनुभव को प्रभावित करने के लिए चिपसेट क्षमताओं को अत्यधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। काउंटरप्वाइंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, स्मार्ट डिवाइस उपयोगकर्ता प्रदर्शन (76 प्रतिशत), ग्राफिक्स और गेमिंग क्षमताओं (66 प्रतिशत) और 5जी कनेक्टिविटी (62 प्रतिशत) को चिपसेट क्षमताओं पर निर्भर शीर्ष तीन सुविधाओं के रूप में रेट करते हैं। अनुसंधान निदेशक तरुण पाठक ने कहा, किसी भी इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण के लिए हमारा मानना है कि वैयक्तिकृत अनुभव आगे चलकर उपभोक्ताओं के लिए वास्तविक अंतर साबित होंगे। इसका मतलब अल्ट्रा-फास्ट कनेक्टिविटी पर निरंतर ध्यान देने के साथ एक सहज, विश्वसनीय और व्यक्तिगत अनुभव के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का लाभ उठाने वाली उन्नत प्रौद्योगिकियों का गहरा एकीकरण है। ये चिपसेट उपभोक्ता अनुभवों को आकार देते हैं और ओईएम को ऐसे समय में अपनी पेशकशों को अलग करने में मदद करते हैं, जब हम अगली पीढ़ी के 5जी नेटवर्क में बदलाव कर रहे हैं। ब्रांडों के संदर्भ में रिपोर्ट से पता चला है कि 61 प्रतिशत उत्तरदाताओं को देश में स्मार्ट उपकरणों में मीडियाटेक के चिपसेट के बारे में पता था। मीडियाटेक 2023 की तीसरी तिमाही में 31 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ दुनिया का शीर्ष स्मार्टफोन चिपसेट ब्रांड था। ताइवान स्थित कंपनी मोबाइल, घरेलू मनोरंजन, कनेक्टिविटी और आईओटी उपकरणों के लिए सिस्टम-ऑन-चिप्स विकसित करती है और अन्य प्रमुख प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भी शामिल है।

वैश्विक स्तर पर बाजारों में हो रहा है करेक्शन

नई दिल्ली(एजेंसी)। बाजार का रुझान यह है कि हाई वैलुएशन से गिरावट आएगी। लेकिन ये करेक्शन कब होगा, ये पता नहीं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में वैश्विक स्तर पर बाज़ारों में गिरावट आ रही है और इसका कारण मुनाफावसूली है, जिसे समझा जा सकता है। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 11 बज कर 20 मिनट तक 459 अंक ऊपर 71,816.43 पर है। एनटीपीसी में 4 फीसदी, बजाज फाइनेंस में 3 फीसदी से ज्यादा तेजी है। इंडसइंड बैंक और टाटा मोटर्स में 2 फीसदी से ज्यादा की तेजी है। बाज़ारों में जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया देने की प्रवृत्ति होती है। शायद फेड के जवाब में अमेरिकी बाजार में उछाल कुछ ज्यादा ही हो गया था। उन्होंने कहा, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में मामूली वृद्धि अपेक्षित फेड रेट कटौती के समय के बारे में बाजार की चिंता का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा, अब एक अच्छी रणनीति यह होगी कि कुछ पैसे अधिक वैलुएशन वाले मिड और स्मॉल-कैप से लेकर उच्च गुणवत्ता वाले लार्ज-कैप में लगाया जाए।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक 02 जगदलपुर

शुद्धि-पत्र

निविदा विज्ञप्ति क्र. 4704/ NIT-09 /व.ले.लि./2023-24, दिनांक 19.12.2023 (Advt No. 06574) द्वारा जारी निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि उत्तर बस्तर संभाग क्रं. 2
जगदलपुर

जी-06850/1

बर्मन परिवार ने ईएसओपी के जरिए रश्मि सलूजा को आरएफएल में आठ प्रतिशत हिस्सेदारी के आवंटन पर चिंता जताई

नई दिल्ली(एजेंसी)। बर्मन परिवार, जो सामूहिक रूप से अपनी इकाइयों के माध्यम से रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) में 21.24 प्रतिशत का मालिक है, ने आरएफएल के 8 प्रतिशत शेयरों के कथित तौर पर चेयरपर्सन रश्मि सलूजा को किए गए आवंटन के बारे में चिंता जताई है। रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने ईएसओपी के जरिए अच्छे रिटर्न की सूचना दी। उन्होंने सेबी टेकओवर विनियमों के अनुपालन पर सवाल उठाया और आरईएल के स्वतंत्र निदेशकों के प्रबंधन और स्वतंत्रता के बारे में संदेह जताया। डाबर इंडिया और अन्य संस्थाओं के प्रवर्तक बर्मन परिवार ने सितंबर 2023 में 2,116 करोड़ रुपये में आरईएल में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक खुली पेशकश की घोषणा की थी। गुड रिटर्न्स की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने निराशा व्यक्त की कि एक एकल कार्यकारी को आरईएल शेयरधारकों को उचित अनुमोदन और प्रकटीकरण के बिना आरईएल, केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड और आरएफएल में ईएसओपी के जरिए पारिश्रमिक की एक महत्वपूर्ण राशि प्राप्त हुई थी। विचाराधीन ईएसओपी शेयरों का मूल्य लगभग 250 करोड़ रुपये है और यह रश्मि सलूजा के नेतृत्व वाले रेलिगेयर बोर्ड और बर्मन परिवार के बीच विवाद का मुद्दा बन गया है, जिसने वित्तीय सेवा प्रदाता में लगभग 900 करोड़ रुपये से 1,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले, बर्मन परिवार ने खुली पेशकश की घोषणा के बाद रश्मि सलूजा द्वारा शेयरों की बिक्री की जांच के लिए बाजार नियामक सेबी से संपर्क किया था। गुड रिटर्न्स की रिपोर्ट के अनुसार, इसके अतिरिक्त, रेलिगेयर के कुछ स्वतंत्र निदेशकों ने भी बर्मन की खुली पेशकश पर चिंता जताई थी और सेबी के हस्तक्षेप की मांग की थी। 26 सितंबर, 2023 को आयोजित आरएफएल की एजीएम में मांगी गई मंजूरी आरएफएल ईएसओपी योजना 2019 के तहत सलूजा को आरएफएल के ईएसओपी के प्रस्तावित अनुदान के लिए शेयरधारकों की सक्षम मंजूरी लेने के लिए थी। रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, उपरोक्त एजीएम के लिए नोटिस 1 सितंबर, 2023 को जारी किया गया था और आरएफएल द्वारा बीएसई को प्रस्तुत किया गया था। कंपनी अधिनियम, 2013 और सेबी ईएसओपी दिशानिर्देशों के तहत, किसी एक वर्ष के दौरान पहचाने गए कर्मचारियों को 1 प्रतिशत के बराबर या उससे अधिक विकल्प देने के मामले में अलग-अलग प्रस्तावों के जरिए कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी जरूरी है।

लोकसभा चुनाव से पहले भारत की जीडीपी चार ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी : उद्योग मंत्री

नई दिल्ली(एजेंसी)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले भारत 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा और 2 से 2.5 साल में यह 5 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी का आंकड़ा छू लेगा। गोयल ने राष्ट्रीय राजधानी में आत्मनिर्भर भारत उत्सव के शुभारंभ पर कहा, हर सड़क अनुमान के अनुसार, भारत 2027 तक दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी जीडीपी होगी। लोकसभा चुनाव इस साल अप्रैल-मई के आसपास होने की संभावना है। मंत्री ने जीडीपी के लिए पूर्वानुमान बढ़ाया है, क्योंकि अब तक के आधिकारिक अनुमानों के अनुसार 31 अप्रैल, 2024 को समाप्त होने वाले चालू वित्तवर्ष के पूरा होने पर अर्थव्यवस्था 3.7 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को छूने की उम्मीद है। 2028 तक देशों के जीडीपी अनुमानों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का विश्व आर्थिक आउटलुक डेटा 2026 में भारत की जीडीपी 4.95 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान लगाता है। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और चालू वित्तवर्ष (24) की जुलाई-सितंबर तिमाही में 7.6 प्रतिशत की मजबूत विकास दर दर्ज की है। इसने आईएमएफ और आरबीआई को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अपने विकास पूर्वानुमान को बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया है। गोयल ने यह भी कहा, आत्मनिर्भर भारत का मतलब यह नहीं है कि भारत आयात विरोधी है। हम अपना निर्यात बढ़ाएंगे और इसके लिए अगर हमें कुछ उत्पादों का आयात करने की जरूरत होगी, तो हम ऐसा करेंगे।

सीनियर आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स नेशनल : दीपा कर्माकर चमकीं, रेलवे ने महिला टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता

भुवनेश्वर(एजेंसी)। ओलंपियन दीपा कर्माकर ने सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप 2024 के दूसरे दिन ऑलराउंड प्रदर्शन में कुल 49.55 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला टीम वर्ग में रेलवे 182.60 अंकों के साथ चैंपियन बनी। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम स्थित जिम्नास्टिक सेंटर में दूसरे दिन महिला वर्ग में महाराष्ट्र 169.95 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि पश्चिम बंगाल 166.80 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान ओडिशा 164.65 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। पदक समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधीर मितल मौजूद थे। त्रिपुरा का प्रतिनिधित्व कर रहीं दीपा ने कुल 49.55 अंक हासिल किए। उन्होंने वॉल्ट पर 13.40, अनइवन बार्स पर 10.65, बैलेंस बीम पर 13.10 और फ्लोर एक्सरसाइज पर 12.40 रिकॉर्ड किया। ऑल-अराउंड श्रेणी में शीर्ष पर रहने पर खुशी जताते हुए दीपा ने कहा, मैं आठ साल बाद सीनियर नेशनल में प्रतिस्पर्धा कर रही हूं, मुझे इससे बहुत अच्छा लग रहा है, और मैं अपने आज के प्रदर्शन से वास्तव में खुश हूं। मैं कल अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगी। उन्होंने कहा, यहां जिमनास्टिक सेंटर देखना वाकई बहुत अच्छा है और मुझे यकीन है कि यह बहुत सारे ओलंपिक और एशियाई खेलों के जिमनास्ट तैयार करेगा।

सिराज के कहर को सही ढंग से भुना नहीं पाई टीम इंडिया 11 बॉल के अंदर गंवाए 6 विकेट, 153 पर आल आउट

केप टाउन(एजेंसी)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे और अंतिम टेस्ट का पहला दिन गेंदबाजों के नाम रहा। मोहम्मद सिराज ने घातक गेंदबाजी करते हुए 15 रन पर छह विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को मात्र 55 रन पर ढेर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने भी जवाबी हमला करते हुए भारत को 153 रन पर निपटाया लेकिन भारत 98 रन की बढ़त लेने में कामयाब रहा। एक समय टीम इंडिया का स्कोर 153/4 था लेकिन यहां से टीम ने 11 बॉल के अंदर बाकी 6 विकेट गंवा दिए। भारत ने चायकाल तक चार विकेट खोकर 111 रन बनाये थे और चायकाल के बाद भारत ने 42 रन जोड़कर अपने शेष छह विकेट गंवा दिए। विराट कोहली 59 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 46 रन बनाकर आठवें बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। शायद ही विश्वास किया जा सकता है कि भारतीय टीम जहां एक बड़ी बढ़त की ओर जा रही थी उन्होंने 153 के स्कोर पर ही छह विकेट गंवा दिए। सिराज को पहले सेशन में याद किया जा रहा था लेकिन लुंगिसानी एनगिडी के एक ओवर में तीन विकेट सहित मेडन ओवर को शायद ही भुलाया जा सकता था। लगातार गिरते विकेटों ने कोहली का भी दिमाग ऐसा खराब किया कि वह भी आक्रामकता की ओर चल पड़े और विकेट गंवा बैठे। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कैगिसो रबाडा, लुंगिसानी एनगिडी और नांद्रे बर्गर ने तीन-तीन विकेट लिए। सिराज रन आउट हुए। भारत ने पहले दिन के दूसरे सेशन में सकारात्मक मानसिकता के साथ बल्लेबाज़ी करने का प्रयास किया और कुल 111 रन बनाए, हालांकि इस क्रम में उनके चार विकेट भी गिरे। एक वक़्त पर लगा कि भारत को बढ़िया शुरुआत मिल चुकी है लेकिन बर्गर के तीन विकेट वाले स्पेल ने भारत की अच्छी शुरुआत को ख़राब कर दिया। यशस्वी जायसवाल के टीम के 17 के स्कोर पर खाता खोले बिना आउट होने के बाद कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। रोहित 39 और गिल 36 रन बनाकर बर्गर के शिकार बने जबकि श्रेयस अय्यर खाता खोले बिना बर्गर का तीसरा शिकार बन गए। इससे पहले सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में बुरी तरह से हार का सामना करने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की नजर दूसरे टेस्ट में वापसी पर थी, जो काफी हद भारतीय टीम ने हासिल कर ली ।

अडानी ग्रुप के शेयरों में जबरदस्त उछाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने अडानी-हिंडनबर्ग विवाद की जांच भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) से हटाकर विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपने की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। इसके बाद अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों में जोरदार उछाल आया। समूह का मार्केट कैप 15 लाख करोड़ रुपये के पार हो गया। बीएसई पर अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 17.83 प्रतिशत चढ़ गया। एनडीटीवी में 11.39 प्रतिशत, अडनी टोटल गैस में 9.99 प्रतिशत, अडानी ग्रीन एनर्जी में 9.13 प्रतिशत और अडानी एंटरप्राइजेज में 9.11 प्रतिशत का उछाल आया। अडानी विल्मर का शेयर 8.52 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स प्रतिशत, अडानी पावर 4.99 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स 3.46 प्रतिशत और एसीसी 2.96 प्रतिशत के लाभ के साथ कारोबार कर रहे थे। ग्रुप ने 1.19 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर डाली। गौतम अडानी ने एक्स पर लिखते हुए अपने बयान में कहा कि 'माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से पता चलता है कि सत्य की जीत हुई है. सत्यमेव जयते. मैं उन लोगों का आभारी हूं जो हमारे साथ खड़े रहे। देश के विकास में उनका सहयोग जारी रहेगा.

छत्तीसगढ़ के बाजार में कामधेनु लिमिटेड का मज़बूत प्रदर्शन

रायपुर। भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की के कंपनी ने पिछले एक वर्ष में छत्तीसगढ़ में अपने प्रीमियम ब्रांडेड टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। इस मांग को पूरा करने के लिए कामधेनु ने सफ्लतापूर्वक अपने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की उत्पादन क्षमता को एक वर्ष में 3,60,000 मीटर टन से बढ़ा कर 4,80,000 मीटर टन कर दिया है। चैनल पार्टनर नेटवर्क भी जो जनवरी 2023 में 1,000 डीलर था, वो बढ़कर 1,200 तक विस्तारित हो गया है। राज्य में इंफ्रा और स्टील की बढ़ती माँग को देखते हुए कामधेनु लिमिटेड ने अगले साल के अंत तक कामधेनु नेक्स्ट टीएमटी बार की उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 5,00,000 मीटर टन करने की योजना बनाई है। इस संशोधित क्षमता का समर्थन करने के लिए, कंपनी अपने चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी विस्तारित कर 200 और डीलरों और वितरकों को जोड़ेगी। कंपनी की विकास यात्रा और योजनाओं पर टिप्पणी करते हुए, कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, फ्हम छत्तीसगढ़ में अपने प्रीमियम टीएमटी बार, 'कामधेनु नेक्स्ट' की बढ़ती मांग को देखकर बेहद खुश हैं। यह वृद्धि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में बाजार के विश्वास को दर्शाता है। हमारी उत्पादन क्षमता और चैनल पार्टनर नेटवर्क का विस्तार हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। कामधेनु लिमिटेड नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के लिए समर्पित है। कामधेनु नेक्स्ट' कामधेनु में प्रचलित विश्व स्तरीय अनुसंधान एवं विकास और अभिनव उत्पाद विकास का एक उत्पाद है। 2.5 गुना मजबूत कंक्रीट-स्टील इंटरलॉक के साथ, कामधेनु नेक्स्ट ऐसी विशेषताएं प्रदान करता है जो इंजीनियर मज़बूत संरचनाओं और स्मार्ट आर्किटेक्चरल अवधारणाओं में नए युग की आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हैं। उन्होंने आगे कहा की , कामधेनु इस क्षेत्र में उभरती जरूरतों को पूरा करने और बाजार में तकनीकी रूप से उन्नत उत्पादों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करने के लिए विश्व स्तर के उत्पादों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, उन्होंने आगे कहा। कामधेनु नेक्स्ट को डबल रिब वाले अनोखे डिजाइन, अधिक मजबूती और लचीलापन, सामान्य स्टील टीएमटी बार से अधिक बेहतर बनाते हैं।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, संभाग-महासमुन्द (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक- 75/एन.आई.टी. क्र.-21/2023-24/व.ले.लि — महासमुन्द दिनांक 03/01/2024

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 15/01/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 23/01/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 24/01/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का विवरण / No. of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक सालवेंसी (रू. में)
21 T0112	जिला न्यायालय महासमुन्द के प्रथम तल पर डिजिटल कम्प्यूटर कक्ष का निर्माण कार्य ।	3.58 5000.00 54000.00

टीप :-
(1) उपरोक्त निविदा में निविदा प्रपत्र Form-A में तथा निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू. 750/- है।
(2) उपरोक्त निविदा में निविदाकारों की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत 'द' से 'अ' तक है।
(3) उपरोक्त निविदा में कार्य की अवधि दिनांक 02 माह निर्धारित है।

निविदा संबंधी शर्तें एवं विशेष शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

जी- 06890/1

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
(संभाग- महासमन्द (छ ग)

दैनिक
विश्व परिवार महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 06 जनवरी 2024

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार का आयोजन समारोह 8 जनवरी को

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। जिला बलौदाबाजार भाटापारा के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों का सम्मान शिक्षादूत एवं ज्ञानदीप पुरुस्कार समारोह का आयोजन 8 जनवरी 2024 को जिला मुख्यालय स्थित मांगलिक भवन सिविल लाईन में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे से होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री श्री टंक राम वर्मा जी अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राकेश वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता ठाकुर,समाज सेवी विजय केसरवानी शिरकत करेंगे। उक्त जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी बी एल देवांगन के द्वारा दी गई है।

संक्षिप्त समाचार

एसएमसी हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 7 जनवरी को महाराष्ट्र मंडल में

रायपुर (विश्व परिवार)। एसएमसी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर व महाराष्ट्र मंडल के संयुक्त तत्वधान में रविवार 7 जनवरी को विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शहर के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.सतीश सुर्यवंशी, इर्न्फटिली स्पेशलिस्ट डॉ.प्रज्ञा सुर्यवंशी, ज्वांइट रिपलेस्मेंट सर्जन डॉ सौरभ खरे, न्युरोसर्जन डॉ. घनश्याम सासापरदी, लैप्रोस्कोपिक व लेजर सर्जन डॉ.वैभव सिंग, ग्रेस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ.संजय अग्रवाल जैसे डॉ अपनी सेवाएं देगे। इस शिविर में विभिन्न जांचे जैसे बी.पी./शुगर जांच, ई.सी.जी., लिपिड प्रोफाइल, एच.बी.ए.1 सी. आदि पूर्णत: नि:शुल्क रहेगी। हृदय रोग, निसंतान दंपत्ति, पेट रोग/ लिवर, मस्तिष्क रोग/ लकवा रोग, किडनी रोग/ डॉयलिसिस, अस्थि रोग, जोड़ प्रत्यारोपन, हर्निया/पाइल्स/ पित्त थैली की पथरी, सर्जिकल समस्याएं से पीडित रोगी नि:शुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते है। अग्रिम रजिस्टेशन हेतु 0771-2254434, 7747995994 पर संपर्क करे। ज्ञात रहे एसएमसी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर का प्रसिद्ध हॉस्पिटल है जो विधानसभा रोड में स्थित है।

सुशासन दिवस पर निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागी हुए सम्मानित, देवाशीष, अदिति व लक्ष्मी रहें अव्वल

रायपुर (विश्व परिवार)। सुशासन दिवस पर नालंदा परिसर और सेंट्रल लाईब्रेरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए भारत रत्न 'अटल बिहारी वाजपेयी जी की का मेरे जीवन पर प्रभाव' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में देवाशीष पटेल ने प्रथम स्थान, अदिति चौबे ने द्वितीय स्थान व लक्ष्मी निर्मलकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता एवं प्रतिभागियों को उप संचालक रोजगार शशिकला अतुलकर, रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के महाप्रबंधक जनसंपर्क आशीष मिश्रा, जिला रोजगार अधिकारी केदार पटेल व पाथ एकेडमी की को-ऑर्डिनेटर योगिता हुड्डा के हाथों प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन नालंदा परिसर की लाइब्रेरियन मंजुला जैन व सेंट्रल लाइब्रेरी की लाइब्रेरियन माधुरी खलको द्वारा किया गया।

सरकार द्वारा देश में गेहूं और आटे की बढ़ती कीमत को संबोधित करने भारत में 57 LMT गेहूं का स्टॉक ई-नीलामी के लिए रखा गया

रायपुर (विश्व परिवार)। सरकार द्वारा देश में गेहूं और आटे की बढ़ती कीमत को संबोधित करने के लिए। भारत में, 57 LMT गेहूं का स्टॉक ई-नीलामी के लिए रखा गया है। भारतीय खाद्य निगम, छत्तीसगढ़ क्षेत्र ने 03.01.2024 तक ई-नीलामी में खुली बाजार बिक्री योजना (घरेलू) के तहत 66700 मीट्रिक टन की पेशकश बाजार में की है। दिनांक 03.01.2024 की ई-नीलामी में 29 से अधिक बोलीदाताओं ने भाग लिया और 3500 मीट्रिक टन की मात्रा बेची गई। दिनांक 10.01.2023 की ई-नीलामी के लिए छत्तीसगढ़ क्षेत्र में ओएमएसएस (डी) योजना के तहत 3500 मीट्रिक टन गेहूं की पेशकश की जाएगी। प्रोसेसर/आटा मिलर्स/निर्माताओं/गेहूं के अंतिम उपयोगकर्ताओं को दिनांक 10.01.2024 की ई-नीलामी में गेहूं की बिक्री के लिए भाग लेने की अनुमति है। संभावित बोलीदाताओं को अधिक मात्रा के लिए बोली लगाने में सक्षम बनाने के लिए, प्रति ई-नीलामी गेहूं की अधिकतम बोली मात्रा 200 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 250 मीट्रिक टन कर दी गई है। संभावित खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे निविदा दस्तावेज़ को अच्छी तरह से देखें। इसके अलावा, डीएफपीडी ने अर्ध-सरकारी को 4 एलएमटी गेहूं 17.15 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से उतारने का निर्णय लिया है। और सहकारी संगठन, यानी, केंद्रीय भंडार, एनसीसीएफ और एनएएफईडी, ओएमएसएस (डी) के तहत उक्त आवंटित गेहूं को आटा में परिवर्तित करने और इसे भारत आटा ब्रांड के तहत जनता को बिक्री के लिए पेश करते हैं, जिसका एमआरपी 27.50 रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए। इस संबंध में 10.02.2023 को घोषित अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

आई.ए.एस. पी. दयानंद ने कार्यभार संभालते ही ली मैराथन बैठक

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के 12वें अध्यक्ष बने पी. दयानंद

रायपुर (विश्व परिवार)। आईएएस श्री पी. दयानंद ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के 12वें अध्यक्ष के रूप में आज पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण उपरांत श्री दयानंद ने पॉवर कंपनी के उच्च अधिकारियों की मैराथन बैठक ली। उन्होंने प्रदेश में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रदेश में विद्युत की भविष्य की आवश्यकताओं को देखते विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सौर ऊर्जा और जल से विद्युत उत्पादन संबंधित प्रस्ताव तैयार करने कहा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के मुख्यालय स्थित सेवा भवन में ऊर्जा सचिव एवं अध्यक्ष श्री पी. दयानंद ने पॉवर कंपनी के जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के उच्च अधिकारियों की अलग-अलग बैठक ली। लगभग तीन घंटे तक चली बैठक में सभी कंपनियों के प्रबंध निदेशकों ने कंपनी की उपलब्धियों और संरचना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव श्री सुनील कुमार जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।

डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे ने बैठक में बताया कि प्रदेश में 62 लाख उपभोक्ताओं को 24 घंटें निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में अधिकतम डिमांड 6157 मेगावॉट तक पहुंची है, जिसकी आपूर्ति बिना किसी व्यवधान के पूरी की गई। वितरण कंपनी की वित्तीय स्थिति पहले से बेहतर है।

जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने जानकारी दी कि प्रदेश में जनरेशन कंपनी की कुल क्षमता 2978.7 मेगावॉट है। जनरेशन कंपनी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्युत संयंत्र और अटल बिहारी वाजपेयी विद्युत संयंत्र मड़वा पूरी क्षमता से बेहतर विद्युत उत्पादन कर रहे है, जिससे बिजली की उत्पादन लागत में कमी आई है। अध्यक्ष ने पॉवर कंपनी में नई भर्तियों और रिक्त पदों की भी जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि विद्युत के क्षेत्र में और भी बेहतर कार्ययोजना बनाकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने पॉवर प्लांट से निकलने वाले राखड़ के 87 प्रतिशत से अधिक निष्पादन पर संतोष जताया और इसे और बेहतर करने की बात कही। इस अवसर पर तीनों कंपनियों के कार्यपालक निदेशक, मुख्य अभियंतागण उपस्थित थे।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को ऊर्जा के मामले में बनाएंगे अग्रणी

नवनियुक्त अध्यक्ष श्री पी.दयानंद को आज विद्युत सेवा भवन में पॉवर कंपनीज अधिकारी कर्मचारी तथा विभिन्न श्रमिक संघ-संगठनों के प्रतिनिधियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य शासन के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ को संवारने और राज्य शासन के रीति-नीति के अनुरूप विद्युत विकास के मामले में राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाये रखना उनकी प्राथमिकता होगी। वर्तमान में वे मुख्यमंत्री के सचिव के साथ ऊर्जा, खनिज साधन, जनसंपर्क, विमानन विभाग तथा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव का दायित्व भी संभाल रहे हैं।

विदित हो कि आईएएस पी. दयानंद बिहार राज्य के सासाराम के रहने वाले है। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि हासिल की। 2006 बैच के आईएएस श्री दयानंद सुकमा, दंतेवाड़ा, अंबिकापुर, कवर्धा, कोरबा व बिलासपुर में कलेक्टर के पद पर अपनी सफलतम् सेवायें दे चुके हैं। इस दौरान आपने आदिवासियों के आवास एवं शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण काम करवाएं। कलेक्टर बिलासपुर के बाद प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा के तौर पर तथा आयुष विभाग में कई महीने तक डायरेक्टर भी रहे। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में अब तक सर्वश्री एस.के.मिश्रा, गोपाल तिवारी, बी.एस.बनाफर, अजय सिंह, राजीब रंजन, पी.जॉय ओम्मेन, शिवराज सिंह, शैलेन्द्र शुक्ला, सुब्रत साहू एवं अंकित आनंद चेयरमेन के पद पर कार्य कर चुके हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में ई-ग्रंथालय की शुरुआत

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय की लाइब्रेरी किताबें एवं पत्रिकाएं भी ऑनलाइन उपलब्ध

रायपुर/बिलासपुर (विश्व परिवार)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय की लाइब्रेरी किताबें एवं पत्रिकाएं भी ऑनलाइन उपलब्ध हो गई है, जिसका उपयोग सदस्य आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से कर सकेंगे। सितंबर 2023 महीने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय की लाइब्रेरी को नेशनल इंफर्मेटिक्स सेन्टर (NIC) द्वारा विकसित ई-ग्रंथालय से जोड़ा गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वर्तमान में 36 लाइब्रेरी है जिनमें बिलासपुर मण्डल में 12, रायपुर रेल मण्डल में 12, नागपुर रेल मण्डल में 09 तथा 3 अन्य वैगन रिपेयर शॉप व मोती बाग कारखाने में अवस्थित है। इन सभी में वर्तमान में 23554 किताबें उपलब्ध है।

लाइब्रेरी में मौजूद 11 हजार पुस्तकों के कैटलॉग ऑनलाइन किए जा रहे है और किताबों को ईश्यू करने की प्रक्रिया व मेंबरशिप भी ऑनलाइन कर दी गई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की स्थापना के साथ ही इस लाइब्रेरी की स्थापना की गई थी। अब ई-लाइब्रेरी के रूप में इसे नया स्वरूप दिया जा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय की लाइब्रेरी को नेशनल इंफारमेशन सेंटर (एनआईसी) के क्लाउड से जोड़ा गया है तथा उसके सर्वर के माध्यम से सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। भारतीय रेल पुस्तकालय और संसाधन केंद्र इस रेलवे ई-ग्रंथालय समूह का मुख्य केंद्र है। इसमें सभी रेलवे मुख्यालयों के पुस्तकालय ई-ग्रंथालय के माध्यम से जुड़े हुए है।

हर विधा की हैं पुस्तकें

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय की लाइब्रेरी में तकनीकी पुस्तकों के साथ ही रेल कर्मचारियों के ज्ञानवर्धन के लिए साहित्य, धर्म, दर्शनशास्त्र, यात्रा साहित्य, इतिहास तथा विज्ञान आदि विषयों की पुस्तकें हैं। इसके अलावा पत्रकारिता, भौतिक, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, कृषि विज्ञान, चिकित्सा शास्त्र, औषधि विज्ञान, ललित कला, प्रबंधन कला, शिक्षाशास्त्र व समाजशास्त्र और न्याय शास्त्र सहित अनेक विषयों पर भी पर्याप्त पुस्तकें हैं। अनेक प्रकार की पत्र-पत्रिकाएं एवं समाचारपत्र पढ़ने के लिये उपलब्ध रहते हैं।

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल छत्तीसगढ़ भारत स्काउट एवं गाइड राज्य संगठन के नए अध्यक्ष बने

रायपुर (विश्व परिवार)। भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ राज्य संगठन के पदाधिकारियों ने छत्तीसगड राज्य शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से सौजन्य भेट कर, भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ उपनीयम की धारा 17 के अंतर्गत शिक्षा मंत्री को भारत स्काउट एवं गाइड राज्य संघ के अध्यक्ष पद को स्वीकार करने हेतु अनुरोध किया। शिक्षा मंत्री पदाधिकारीयों के अनुरोध को स्वीकार कर छत्तीसगढ़ भारत स्काउट एवं गाइड राज्य संगठन के नए अध्यक्ष बने।

अपने स्वागत उद्बोधन में राज्य इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्काउट गतिविधियों के संचालन का मार्ग प्रशस्त हो गया है, एवं उनके नेतृत्व में भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ सफलता के नए आयाम स्थापित कर भारत में ही नहीं अपितु एशिया पॅसिफिक रीजन एवं विश्व स्तर पर अपनी स्पष्ट पहचान बनाने में सफल रहेगा। भारत स्काउट गाइड के नव मनोनीत अध्यक्ष शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भारत स्काउट गाइड एक सेवाभावी संस्था है, समाज एवं देश हित में इसकी गतिविधियों को बढ़ाने की आवश्यकता है। राज्य में सभी सामाजिक एवं अन्य कार्यक्रमों में स्काउट गाइड सदस्यों को वालंटियर के तौर पर शामिल किया जाएगा, एवं आने वाले समय में छत्तीसगढ़ भारत स्काउट गाइड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सक्षम होगा। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, राज्य मुख्यायुक्त विनोद सेवनलाल चंद्राकर, राज्य सचिव कैलाश सोनी सहित राज्य उपाध्यक्ष श्रीमती ममता राय, पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त स्वामी जी वरिष्ठतम सदस्य एलडी दुबे, राज्य ग्रोथ समन्वयक सादिक शेख, राज्य समन्वयक रोवर-रेंजर उदय मुकादम राज्य प्रशिक्षण आयुक्त परिहार, श्रीमती सरिता पांडे, राज्य संगठन आयुक्त सुश्री करुणा मसीह तथा विभिन्न स्थानों से आए पदाधिकारी तथा राज्य मुख्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

नेशनल एक्सपो स्टील एंड पावर : भारी मशीनरी सीएनसी मशीनें, सौर उपकरण, औद्योगिक स्वचालन और कई अन्य उत्पाद का भव्य प्रदर्शन

रायपुर (विश्व परिवार)। नेशनल एक्सपो (स्टील एंड पावर)13वें वर्ष का उद्घाटन एमएसएमई रायपुर के निदेशक राजीव कुमार और उरला से विक्रम जैन, संजय अग्रवाल, नीरज अग्रवाल ने किया। इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और श्री राजकुमार अग्रवाल प्रबंध निदेशक इंदौर इंफोलाइन प्रा. लिमिटेड भिलाई, दुर्ग, बिलासपुर, नागपुर और अन्य शहरों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक आए। नेशनल एक्सपो अगले 2 दिनों तक आगंतुकों के लिए रात 11-7 बजे तक खुला रहेगा। 200 से अधिक प्रतिभागी और 10.000 से अधिक उत्पाद प्रदर्शित। भारी मशीनरी सीएनसी मशीनें, सौर उपकरण, औद्योगिक स्वचालन और कई अन्य उत्पाद प्रदर्शन पर हैं। एक्सपो का यह आयोजन इंदौर इन्फोलाइन द्वारा किया गया है।

दपूम रेलवे की उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 18वीं बैठक में रद्द हो रही यात्री ट्रेनों के विषय पर हुई चर्चा : राजेंद्र जग्गी

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि बिलासपुर में आयोजित हुई रेलवे जेड आर यू सी सी मेम्बरो की बैठक में जेड आर यू सी मेम्बर और छत्तीसगढ़ चेंबर के राजेंद्र जग्गी ने किया छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधित्व किया। बैठक में रद्द हो रही यात्री ट्रेनों पर चर्चा हुई तथा यात्री सुविधाओं से संबंधित सुझाव रखे गए।

चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 18 वी बैठक बिलासपुर के रेलवे के महाप्रबंधक प्रशासनिक भवन मे महाप्रबंधक श्री आलोक कुमार जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई मीटिंग के शुभारंभ में रेलवे महाप्रबंधक श्री आलोक कुमार जी ने जेड आर यू सी सी मेंबरो का शाल श्री फल से सम्मानित किया श्री जग्गी ने रेलवे विकास और यात्री सुविधाओं से संबंधित निम्न सुझाव रखे जो निम्नानुसार है- (1) बिलासपुर रेलवे जोन में विगत वर्षों में लगातार यात्री ट्रेन रद्द हो रही है जिसमें चैंबर की तरफ से मांग की गई की कम से कम 15 दिन पहले सूचित किया जावे जिससे की यात्रीगण अपनी वैकल्पिक व्यवस्था कर सके। इसके जवाब में रेलवे महाप्रबंधक ने इसे गंभीर विषय मनात् हुए उन्होंने इस मांग को उचित माना एवं उन्होंने कहा कि हम पूरा प्रयास करेंगे कि यह समस्या आगे ना आए अगर किसी कारणवश होती है तो उसे कम से कम 15 दिन पहले सूचित करने का प्रयास किया जाएगा। (2) रेलवे पार्सल में छोटे व्यापारियों को आ रही असविधा हेतु भी चैंबर द्वारा मांग रखी गई की कच्चा माल जो छोटे व्यापारी मांगते हैं किसी कारणवश वह आगे स्टेशन पर चला जाता है उसके क्लैंप हेतु छत्तीसगढ़ के व्यापारियों को नागपुर या भोपाल क्रिमिनल कोर्ट के लिए के जाना पड़ता है जिस पर राजेंद्र जग्गी जी ने सुझाव दिया कि छत्तीसगढ़ के रायपुर या बिलासपुर में इसकी एक बेंच या कोर्ट बनाई जाए जिस पर सम्मानित महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि यह विषय केंद्र का है आपके द्वारा दिए गए सुझाव को हम केंद्र में प्रेषित करेंगे और पूरा प्रयास करेंगे कि यहां कोर्ट की स्थापना हो सके इसके अलावा जगदीश जी द्वारा बिलासपुर उसलापुर रेलवे स्टेशन अंबिकापुर शक्ति आदित्य स्टेशनों से चलने वाली ट्रेन वहां ट्रेनों ट्रेनों एवं वहां के स्टेशन की समस्याओं को भी सम्मानित महाप्रबंधक महोदय को अवगत कराया जिस पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से ठीक करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर डी जी एम समीरकांत माथुर रेलवे के अन्य अधिकारीगण सहित जेड आर यू सी सी मेम्बर भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण वर्ष-2024 का कार्यक्रम जारी

- 6 जनवरी को सभी मतदान केन्द्रों में होगा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन
- 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में संशोधन हेतु नागरिक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगे
- 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने आवेदन दे सकेंगे
- 13 व 14 जनवरी को मतदान केन्द्रों में आयोजित होंगे दो दिवसीय विशेष शिविर

रायपुर (विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग, नई-दिल्ली द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत प्रदेश के नागरिकों का मतदाता सूची में नाम पंजीयन, विलोपन, स्थानातंरण एवं प्रविष्टि में किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम वर्ष-2024 जारी कर दिया गया है।

आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 06 जनवरी, 2024 (शनिवार) को प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा और इसी के साथ दावा-आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ हो जाएगी। सभी नागरिक 22 जनवरी, 2024 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इस दौरान 13 जनवरी 2024 (शनिवार) एवं 14 जनवरी 2024 (रविवार) को समस्त मतदान केन्द्रों में दो दिवसीय विशेष शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

इस अवधि में प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों का निराकरण पूर्ण कर 08 फरवरी 2024 (गुरुवार) को निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार प्रारंभिक प्रकाशन 06 जनवरी, 2024 एवं अंतिम प्रकाशन 08 फरवरी, 2024 को सभी मतदान केन्द्रों की मतदाता सूची का प्रकाशन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वेबसाईट httpsÑ//ceochhattisgarh.nic.in पर भी किया जाएगा।

निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तर पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 05 जनवरी 2024 को बैठक आयोजित की गई।

मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2024 की स्थिति में राज्य में 1, 01, 49, 798 (पुरूष), 1, 02, 72, 119 (महिला), कुल 739 (थर्ड जेंडर), कुल 2, 04, 22, 656 पंजीकृत मतदाता हैं। वर्तमान में राज्य में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 24109 है। मतदाता सूची में दिव्यांग (क्व्ष्ठह्) चिन्हांकित मतदाताओं की संख्या प्रारंभिक प्रकाशन में कुल 1, 62, 215 है। 01 जनवरी 2024 की स्थिति में 18-19 आयुवर्ग समूह के कुल मतदाताओं की संख्या 4, 94, 452 है। वरिष्ठ नागरिक मतदाता (80+ आयु वर्ग) 2, 22, 533 है। छत्तीसगढ़ में निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन तिथि 06 जनवरी 2024 को सर्विस वोटर्स की कुल संख्या 19, 905 दर्ज है। पुनरीक्षण में उपयोग होने वाले फार्म्स- प्रारूप-6 केवल नए निर्वाचकों के पंजीयन हेतु, प्रारूप-6क- प्रवासी निर्वाचकों के नाम पंजीयन हेतु, प्रारूप-6ख-निर्वाचकों के आधार नंबर प्राप्त करने हेतु (स्वैच्छिक आधार पर) प्रारूप-7 विद्यमान निर्वाचक नामावली में नाम को सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आक्षेप/विलोपन हेतु, प्रारूप-8 निर्वाचक नामावली में प्रविष्टि को अन्यत्र रखने के लिये आवेदन एवं प्रविष्टि में सुधार हेतु। पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में राज्य स्तर पर 05 जनवरी 2023 को सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित कर आयोग के पुनरीक्षण के विस्तृत कार्यक्रम के संबंध में अवगत कराया गया है।

ऐसे युवा नागरिक, जो 01 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे नियत प्रारूप-6 में आवेदन प्रस्तुत कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इस दौरान मृत/स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन हेतु प्रारूप-7 में आवेदन प्राप्त किया जाएगा तथा त्रुटिपूर्ण नामों के सुधार/अन्य आवश्यक संशोधन एवं किसी भी प्रकार के स्थानांतरण हेतु प्रारूप-8 में आवेदन प्राप्त किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग, नई-दिल्ली के निर्देशानुसार 01 जनवरी के अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर, 2024 की स्थिति में भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा नागरिक निर्धारित प्रारूप-6 में अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाये जाने हेतु अग्रिम आवेदन कर सकेगें।

आवेदन करने हेतु आम नागरिक अपने मतदान केन्द्र में बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से निर्धारित फार्म प्राप्त कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग, नई-दिल्ली द्वारा नागरिकों के लिये ''वोटर हेल्पलाइन एप'' के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है। यह एप्लीकेशन एन्ड्रायड एवं आईओएस (ढ्ढह्रस्) दोनों प्लेटफार्म्स पर डाउनलोड हेतु उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त मतदाता अपना नाम जोड़ने/ संशोधन हेतु वेबसाइट httpsÑ//voters.eci.gov.in के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

निर्वाचक नामावली में पंजीयन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत हेतु राज्य स्तर पर स्थापित कॉल सेन्टर-180023311950 से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। प्रदेश की मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाये जाने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ द्वारा इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में सभी नागरिकों से सहयोग एवं अधिक से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की गई है।

सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिर्टन | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354